



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 35 अंक 215 | कोरबा, सोमवार , दिनांक 06 मई 2024 डाक 07 मई 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
सुजापुर में चल रहे लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित किया





**देश-विदेश**
अरुण रेड्डी के लैपटॉप व मोबाइल का डेटा रिकवर करेगी पुलिस, डिवाइस की हो रही फॉरेंसिक जांच





**फीचर पेज**
त्वचा को हाइड्रेट रखने में कारगर है यह जूस, रोजाना सेवन करने से होंगे अनेक फायदे





## चौकीदार शेर है, मोदी का पोस्टर लेकर छत्तीसगढ़ पहुंचा शख्स



**दुर्ग।** प्रधानमंत्री मोदी का प्रचार करने 7 समंदर पार से उनका एनआरआई फैन प्रचार करने भिलाई पहुंचा है। पिछले एक महीने से अपना करोड़ों का कारोबार छोड़कर प्रचार कर रहा है। उसने बताया लोकसभा चुनाव के लिए 50 एनआरआई की टीम देश में पीएम मोदी का प्रचार करने आई है। संतोष के मुताबिक भारत का चौकीदार शेर है। हृ संतोष तिवारी 42 डिग्री तापमान में सिर पर भगवा गमछा और हाथों में मोदी के पक्ष में मतदान करने की अपील करने वाली तख्ती लेकर प्रचार कर रहे हैं। युवक ने अपना परिचय श्रीराम की गिलहरी के रूप में बताया। उसका कहना है कि जिस तरह एक छोटी सी गिलहरी ने समुद्र पर सेतु बनाने के लिए श्रीराम की मदद की थी, उसी तरह वो मोदी सरकार बनाने में अपनी सहभागिता दे रहा है। संतोष तिवारी का जन्म भिलाई में हुआ और पढ़ाई करने के बाद उसका व्यापार विदेश में हो गया। वो काफी सालों से अफ्रीका और दुबई में रहकर बिजनेस करता है। उसके मुताबिक हर किसी का अपने राष्ट्र, देश और धर्म के प्रति दायित्व होता है। इसी तरह वो भी लोगों को वोटिंग के लिए जागरूक कर रहे हैं।

# रांची में ईडी की बड़ी कार्रवाई, मंत्री आलम के पीएस के घर से 25 करोड़ कैश बरामद

**रांची , 06 मई [एजेंसी]।**



रांची में सोमवार को ईडी ने 9 ठिकानों पर रेड की है। इसमें इंजीनियर और नेताओं के घर शामिल हैं। झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के नौकर के घर से 25 करोड़ से ज्यादा कैश मिला है। नोटों की गिनती जारी है। नोटों की ये गड्डियां बड़े-बड़े बैगों में रखी थीं। पीएस संजीव लाल का नौकर है जहांगीर, जिसके घर से कैश मिला है।

जिन जगहों पर छापेमारी चल रही है उनमें से दो इलाकों के नाम सामने आए हैं। ये हैं धुर्वा का सेल सिटी इलाका और बोड़ेया मोरहाबादी रोड। सूचना है कि श्वष्ठ आज जिनके यहां छापेमारी कर रही है, उन सबके तार चीफ इंजीनियर रह चुके वीरेंद्र राम से जुड़े हैं। वीरेंद्र राम मामले को लेकर ही ईडी ने कार्रवाई की है। रांची के सेल सिटी में पथ निर्माण विभाग के इंजीनियर विकास कुमार के घर पर छापेमारी चल रही है। ईडी ने यह कैश जब्त किया है। दावा है कि यह करीब 25 करोड़ रुपए हैं। हालांकि नोटों की गिनती अभी जारी है।

## सटोरियों ने किए 30 हजार करोड़ का लेनदेन का खुलासा

**रायपुर।** महादेव सट्टा एप केस में लगातार नए राजफाश हो रहे हैं। पुणे से पकड़े गए 26 आरोपितों से जब्त बैंक खाते के आधार पर जांच तेज कर दी गई है। 30 हजार करोड़ के लेन-देन का हिसाब इनके पास मिला है। अब 200 से ज्यादा बैंक खातों पर पुलिस की नजर है। बैंक से सभी खातों की जानकारी मांगी गई है। खाते किस तरह से खोले गए और कब से लेन-देन चल रहा है। 15 बैंक खातों के कनेक्शन रायपुर, दुर्ग, भिलाई के हैं। बैंक खातों की शुरुआती जांच में बड़े लेनदेन की जानकारी पुलिस को मिली है। यह लेनदेन 50 हजार रुपये से ज्यादा का नहीं होता था। अब हर दिन लाखों रुपये पर हो रहा है।

## 4 जून राज्य की बीजेडी सरकार की एक्सपायरी डेट,नई सरकार का निमंत्रण देने आया हूं : मोदी

**बहरामपुर , 06 मई [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को ओडिशा के बहरामपुर में रैली की। उन्होंने कहा- कल मैं प्रभु राम की नगरी अयोध्या में था। आज महाप्रभु जगन्नाथ की धरती पर आपका आशीर्वाद लेने आया हूं।ओडिशा में इस बार 2 यज्ञ एक साथ हो रहे हैं। एक यज्ञ देश में, हिंदुस्तान में मजबूत सरकार बनाने के लिए है और दूसरा यज्ञ ओडिशा में भाजपा के नेतृत्व वाली मजबूत राज्य सरकार बनाने का है।

आप जानते हैं कि भाजपा जो कहती है, वो करके दिखाती है। इसलिए, यहां सरकार बनने के बाद हम पूरी शक्ति से संकल्प पत्र में की गई घोषणाओं पर अमल करेंगे। ये मोदी की गारंटी है।4 जून पर यहां की बीजेडी सरकार की एक्सपायरी डेट लिखी हुई है। आज 6 मई है, 6 जून को भाजपा के मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार तय होगा। 10 जून को भुवनेश्वर में भाजपा के मुख्यमंत्री का शपथ समारोह होगा। मैं आज सबको भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री के शपथ समारोह के लिए निमंत्रण देने आया हूं। मोदी बोले- ओडिशा में बीजेडी



अस्त है, कांग्रेस पस्त है और लोग भाजपा पर आश्वस्त हैं। सिर्फ भाजपा उम्मीदों का नया सूरज बनकर आई है। ओडिशा में करीब 50 साल तक कांग्रेस और करीब 25 साल तक बीजेडी रही। लेकिन क्या हुआ, सबने देखा।प्रधानमंत्री ने कहा कि ओडिशा में उपजाऊ भूमि, खनिज संसाधन, समुद्री तट, बरहामपुर जैसा व्यापार केंद्र, संस्कृति, विरासत और न जाने क्या-क्या है। फिर भी, इस अमीर ओडिशा के लोग गरीब बने हुए हैं। इस पाप के लिए कौन जिम्मेदार है ? जवाब है कांग्रेस और बीजेडी ! बीजेडी के छोटे छोटे नेता भी बड़े बड़े बंगलों के मालिक हो गए हैं। केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन के लिए 10 हजार करोड़ रुपए ओडिशा को दिए। वो पैसे यहां की सरकार सही से खर्च ही नहीं कर पाई। मोदी गांव में सड़कें बनाने के लिए पैसा भेजता है, लेकिन यहां गांवों में सड़कों की हालत खराब है।

## वायुसेना के जवान को झांसे में लेकर 6 लाख का लगाया चूना

**दुर्ग।** जिले में एक वायुसेना कर्मी ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गया। छुट्टियों पर घर आए सैनिक को टेलीग्राम के जरिए ठगी का शिकार बनाया गया। ठग ने उसे पहले लिंक में लाइक करने का टास्क दिया और हर लाइक के पीछे 50 रुपए दिए। इसके बाद उससे 6 लाख रुपए की ठगी कर ली। पूरा मामला जामुल थाना क्षेत्र का है। जामुल पुलिस ने बताया कि नितिन यादव वायुसेना में कार्यरत है। उसकी पोस्टिग नासिक (महाराष्ट्र) में है। वह 28 अप्रैल से 10 मई तक 12 दिन की छुट्टी में भिलाई आया है। उसने शिकायत में बताया कि 29 अप्रैल को उसके फोन में टेलीग्राम मैसेज आया था। उसमें एक अज्ञात आईडी से मैसेज भेजा गया था। मैसेज भेजने वाले ने उसे एक टास्क दिया था। उसे गूगल में जाकर पूरा करना था। उसे हर एक लाइक के पीछे 50 रुपए देने की जानकारी दी गई थी। जब नितिन ने गूगल में जाकर टास्क को लाइक किया तो उसे कई बार 50 रुपए मिले। इससे उसे यकीन हो गया कि मैसेज भेजने वाला सही आदमी है। इसी दौरान उसे एक और टास्क आया। इसमें उसे कहा गया कि वो 3 हजार रुपए लगाएगा तो उसके बदले 3900 रुपए मिलेंगे। नितिन ने 3000 रुपए लगाए तो उसे 3900 रुपए मिले। ठग ने नितिन को 29 अप्रैल तक फोन पे के माध्यम से आईडी में 20 और 50 हजार भेजे गए।

## राजद नेता की गाड़ी से 98500 रुपये जब्त, पूछताछ जारी

**परबत्ता (खगड़िया) , 06 मई [एजेंसी]।**

पसराहा थाना क्षेत्र में एनएच 31 पर बने चेक प्वाइंट पर रविवार की शाम एक सफारी वाहन से 98 हजार 500 रुपये जब्त किए गए। वाहन में गोगरी के मुश्किपुर निवासी राजद जिला उपाध्यक्ष कैलाश चंद्र यादव बैठे थे। उनके पास से 44,500 रुपये मिले।वहीं, साथ बैठे समस्तीपुर जिले के बाजितपुर करनैल निवासी भोला प्रसाद दिवाकर के पास से 54,000 रुपये बरामद हुए। पसराहा थाना अध्यक्ष संजय कुमार विश्वास और चेक पोस्ट पर नियुक्त स्टेटिक सर्विलांस टीम के मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र कुमार ने इसकी पुष्टि की।गोगरी एसडीपीओ रमेश कुमार ने बताया कि बरामद राशि जब्त कर ली गई है। दोनों से जवाब मांगा गया है। जांच के बाद ही कुछ स्पष्ट हो सकेगा। इधर, राजद के जिला उपाध्यक्ष कैलाश चंद्र यादव ने कहा कि चुनाव के दौरान भाड़े की गाड़ी किए हुए थे। कई दिनों से गाड़ी चल रही थी। गाड़ी मालिक को आज पैसे देने थे।उन्होंने कहा कि पेट्रोल- डीजल का भी हिसाब करना था। कुछेक बूथों पर नियुक्त किए गए महागठबंधन के पोलिंग एजेंट को भी भोजन के पैसे देने थे। ये पैसे उसी मद के थे। आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन सत्ताधारी दलों के गाड़ियों को नहीं रोकता। विपक्षियों को जान-बूझकर तंग किया जा रहा है।खगड़िया-बखरी पथ के शोभनी-जलकौड़ा के बीच सड़क दुर्घटना में अधेड़ की मौत हो गई। मृतक 65 वर्षीय अरविंद सिंह शोभनी के रहने वाले थे। सामाजिक कार्यकर्ता मनीष कुमार ने बताया कि शनिवार की रात किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें धक्का दे दिया।उपचार के लिए उन्हें सदर अस्पताल लाया गया। जहां आरंभिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। बेगूसराय ले जाने के दौरान उनकी मौत हो गई। गंगौर ओपी अध्यक्ष लालबिहारी यादव ने बताया कि उपचार के दौरान जख्मी की मौत हो गई। पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को शव सौंप दिया गया है।

**मायावती पर अमर्यादित टिप्पणी मामला**

## शिवपाल पर एफआईआर पुलिस कर रही जांच

**बदायूं, 06 मई [एजेंसी]।**

बसपा प्रमुख मायावती के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी मामले में सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव पर रविवार रात सिविल लाइंस थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। बसपा जिलाध्यक्ष की ओर से दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर पुलिस ने धार्मिक भावनाएं आहत करने आदि धाराओं में प्राथमिकी लिखकर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस वायरल हो रहे वीडियो के आधार पर अग्रिम कार्रवाई करने की बात कह रही है।बसपा बदायूं जिलाध्यक्ष एडवोकेट आरपी त्यागी ने तीन दिन पहले सिविल लाइंस थाना पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया था कि सपा नेता शिवपाल सिंह यादव के बेटे आदित्य कुमार यादव बदायूं लोकसभा से प्रत्याशी हैं। शिवपाल सिंह यादव अपने बेटे की हार के डर से बसपा प्रमुख मायावती पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। जिसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इससे बसपा के कार्यकर्ताओं और बहुजन समाज के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंची है।आशंका जताई थी कि इस



टिप्पणी से सामाजिक माहौल बिगड़ सकता है। इसकी जिम्मेदारी सपा नेता शिवपाल यादव की होगी। उन्होंने इस मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की थी। पुलिस ने तीन दिन बाद मामले का संज्ञान लेते हुए सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव पर जानबूझकर या दुर्भावनापूर्ण इरादे से एक वर्ग की धार्मिक भावनाओं को आहत करने और अपमान कर किसी को उकसाने से शांतिभंग की आशंका के आरोप में प्राथमिकी लिखी है।

*बसपा जिलाध्यक्ष की ओर से मिले शिकायती पत्र की जांच के बाद प्राथमिकी लिखी गई है। वायरल हो रहे वीडियो में जो तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।*
*– **आलोक मिश्र,** सीओ सिटी*

**ओवैसी ने लालू को दे दिया शॉक!**

## चुनाव के बीच राजद के कद्दावर नेता ने बदला पाला, अब मीसा भारती की बढ़ेगी टेंशन

**फुलवारीशरीफ, 06 मई [एजेंसी]।**

राजद के प्रदेश महासचिव फारूक रजा उर्फ डब्बू ने राजद से एआईएमआईएम में शामिल हो गए। एआईएमआईएम ने उन्हें पाटलिपुत्र लोकसभा से पार्टी का उम्मीदवार बनाया है।एआईएमआईएम के बिहार युवा प्रदेश अध्यक्ष सह राष्ट्रीय प्रवक्ता सह अधिवक्ता आदिल हसन आजाद ने कहा कि पाटलिपुत्र संसदीय सीट पर पार्टी की जीत होगी। फारूक रजा उर्फ डब्लू स्थानीय हैं। इस कारण वे लोगों की समस्या को ज्यादा बेहतर तरीके से समझ सकते हैं।

पाटलिपुत्र से राजद प्रत्याशी डॉ. मीसा भारती अपने भाई पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव के साथ रविवार को दानापुर के एसकेपुरम में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचीं। तेजप्रताप यादव ने अपनी बहन के लिए वोट मांगा।मीसा भारती ने कहा कि केंद्र में आईएनडीआईए गठबंधन की सरकार बनते ही 15 अगस्त को एक करोड़ नौजवानों को रोजगार दिया जाएगा। सम्मेलन में पूर्व मंत्री रामानंद यादव, शक्ति सिंह, केडी यादव, सत्यानंद राय, ओमप्रकाश राय, नवाब आलम, बृज कुमार, अफरोज आलम आदि मौजूद थे।लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में पटना साहिब और पाटलिपुत्रा क्षेत्र के लिए मंगलवार से समाहणालय हिंदी भवन में दोनों लोकसभा के लिए अलग-अलग कक्ष 7 से 14 मई तक नामांकन पत्र दाखिल किया जाएगा।

## भूपेश ने छत्तीसगढ़ छोड़ने कहा,राधिका खेड़ा का आरोप

**रायपुर, 6 मई।** पीसीसी नेताओं के द्वारा कांग्रेस की पूर्व नेशनल कोऑर्डिनेटर राधिका खेड़ा के साथ राजीव भवन में बदसलूकी की गई थी। इस घटना के बाद अब राधिका खेड़ा ने कांग्रेस के सभी पदों के साथ ही प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया हैं। आज राधिका खेड़ा ने पूरे मामले पर जानकारी देते नेताओं पर कई गंभीर आरोप लगाए। राधिका खेड़ा ने बताया कि इस विवाद के बाद उन्हें प्रदेश के पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ छोड़ने को कहा था।

## बसपा ने जौनपुर से श्रीकला का टिकट काटा, श्याम यादव के नामांकन की तैयारियां तेज

**जौनपुर, 06 मई [एजेंसी]।**

जौनपुर लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी के रूप में नामांकन कर चुकीं पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला सिंह का टिकट सोमवार को कट गया। इस सीट से सोमवार को सीटिंग सांसद रहे श्याम सिंह यादव के नामांकन की तैयारियां तेज हो गई हैं।सियासी उठापटक के बीच हॉट सीट बन चुकी जौनपुर लोकसभा सीट पर तब सियासी हलचल उफान पर पहुंच गई जब श्रीकला के टिकट कटने की खबर आम हुई।

यहां से श्रीकला का टिकट कटने की पुष्टि बसपा जिलाध्यक्ष संग्राम भारती ने की है। हालांकि, इसकी क्या वजह है इस संबंध में उन्होंने शीर्ष नेतृत्व का फैसला बताते हुए कुछ भी कहने से इनकार कर



दिया।यहां से भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह व सपा प्रत्याशी के रूप में बाबू सिंह कुशवाहा नामांकन कर चुके हैं। बहरहाल तेजी से बदलते सियासी घटना क्रम में आगे क्या होगा। राजनीति के खिलाड़ी पूर्व सांसद धनंजय सिंह का अगला कदम क्या होगा इस ओर सभी की निगाहें लगी हुई हैं।

## 20 से अधिक बम की धमकी भरे ई-मेल्स से अमेरिका में हड़कंप

**न्यूयॉर्क, 06 मई [एजेंसी]।**

अमेरिका के न्यू यॉर्क शहर में धमकी भरे 20 ई-मेल्स से हड़कंप मच गया है। शनिवार, 4 मई को 20 से अधिक ई-मेल्स के जरिए यहूदियों के दो दर्जन से अधिक पूजा वाले जमघटों और संस्थानों में बम होने की सूचना दी गई। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, भेजे गए ईमेल में लिखा है कि, नमस्कार, अगर आप इस ईमेल को पढ़ रहे हैं तो आपको यह सूचना मिल जाएगी कि मैंने आपकी इमारत के अंदर एक बम रखा है। यह कोई धमकी नहीं है। मैंने आपकी बिल्डिंग में बम रखा है, आपके पास उसे निष्क्रिय करने के लिए कुछ घंटे हैं, नहीं तो हर जगह खून बिखरेगा। धमकी भरा यह मेल भेजने वालों ने खुद को टेरराइजर्स 111 समूह का बताया है। बम 14 मैनहट्टन आराधनालयों और यहूदी केंद्रों में रखे होने की सूचना दी गई। वहीं, ब्रुकलिन में दो, और क्वींस में पांच बम होने की सूचना मिली। साथ ही दो और ऊपरी मंदिर और एक लांग आईलैंड पर बम होने की जानकारी दी गई।बता दें कि न्यूयॉर्क लैंडमार्क्स कंजरवेंसी को भी इसी तरह की धमकी मिली थी। हालांकि, न्यूयॉर्क के अधिकारियों ने बम की मिली धमकियों को निराधार बताया हैं। जांचकर्ता अब यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि इन्हें किसने भेजा है।बता दें कि ये धमकियां ऐसे समय में आई हैं जब पांच शहरों और अन्य स्थानों में यहूदी विरोधी भावना बढ़ी है।हमास-इजरायल संघर्ष के बीच सैकड़ों फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने पूरे अमेरिका में कॉलेज परिसरों में इजरायल विरोधी शिविर स्थापित किए हैं।

## करकरे और कसाब पर बयान देकर फंसी कांग्रेस, भाजपा ने बोला हमला

**नई दिल्ली, 06 मई [एजेंसी]।**

मुंबई में हुए 26/11 आतंकी हमले पर महाराष्ट्र के कांग्रेसी नेता विजय वड्डेटीवार के बयान से सियासी आग भड़का दी है। हमले में बलिदान हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी हेमंत करकरे पर विजय वड्डेटीवार के नए दावे से कांग्रेस को ही फंसा दिया है।

महाराष्ट्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वडेट्टीवार ने कहा कि मुंबई के आतंकी हमले में मारे गए एटीएस प्रमुख हेमंत करकरे पाकिस्तानी आतंकी अजमल कसाब की गोली से नहीं बलिदान हुए थे। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि वो आरएसएस से संबंध रखने वाले एक पुलिस अधिकारी की गोली से मारे गए थे। हालांकि, बाद में स्पष्टीकरण जारी करते हुए विजय वडेट्टीवार ने दावा किया कि ये उनके शब्द नहीं थे, बल्कि उन्होंने वही कहा था जो महाराष्ट्र के पूर्व पुलिस महानिरीक्षक और एनसीपी पार्टी के नेता हसन मुश्रीफ के भाई एसएम मुश्रीफ की किताब में लिखा था।वडेट्टीवार के एक ओर बयान ने उन्हें ही घेरने का काम किया। दरअसल, उत्तर-मध्य मुंबई से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे वरिष्ठ वकील उज्ज्वल निकम



को कांग्रेस नेता ने गद्दार कहा, जिससे बवाल छिड़ा। निकम ने ही सरकारी वकील के रूप में आतंकी कसाब को मृत्युदंड की सजा दिलवाई थी। वडेट्टीवार के बयान पर कांग्रेस पार्टी खुद घिर गई है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने कहा कि कांग्रेस अपने खास वोट बैंक को खुश करने के लिए किसी भी हद तक गिर सकती है।इस बवाल पर राजनीतिक विश्लेषक तहसीन पूनावाला ने कहा कि इंडिया गुट की पार्टियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वाडेट्टीवार के बयान से पाकिस्तान को कोई फायदा न मिले। पूनावाला ने कहा,वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के एलओपी विजय वडेट्टीवार द्वारा दिए गए बयान उस पद पर बैठे किसी व्यक्ति के लिए अशोभनीय हैं और इसकी निंदा की जानी चाहिए। मैं सभी विपक्षी दलों से अनुरोध करता हूं कि वे उस बयान को वापस लेने के लिए उन पर दबाव डालें। यह अस्वीकार्य है कि पाकिस्तान को एक मौका दिया जाए।





स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.) Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथैरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथैरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व किसी भी मतदान केन्द्र के 200 मीटर परिधि में चुनावी प्रचार-प्रसार, राजनीतिक दल का प्रवेश निषेध

**कोरबा ।** भारत निर्वाचन आयोग के अनुपालन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन के लिए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। जिसको ध्यान में रखते हुए सभी दिशा निर्देशों का पालन करना आवश्यक है। मतदान दिवस के 48 घंटे पूर्व किसी भी मतदान केन्द्र के 200 मीटर परिधि में चुनावी प्रचार-प्रसार, राजनीतिक दल का प्रवेश निषेध रहेगा। निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक, अधिकृत अधिकारी, पुलिस अधिकारी को छोड़कर मतदान केन्द्र के 100 मीटर की परिधि में मोबाईल फोन, वायरलेस आदि की अनुमति नहीं होगी। निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 134 बी अनुसार किसी भी व्यक्ति द्वारा मतदान केन्द्र के आसपास शस्त्र धारण नहीं किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदेशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए है।

जारी आदेश में बताया गया है कि आवश्यक सेवाओं जैसे हॉस्पिटल वाहन, एम्बुलेंस, दुग्ध वाहन, पानी टैंकर आवश्यक विद्युत सेवा, पुलिस वाहन एवं निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारी को ही वाहन की अनुमति होगी। सार्वजनिक वाहन का उपयोग बीमार एवं दिव्यांग व्यक्ति के द्वारा अपने स्वयं के उपयोग के लिए किया जा सकेगा। सरकारी अधिकारी द्वारा उपयोग किये जा रहे वाहन केवल ड्यूटी स्थल जाने के लिये उपयोग किया जाएगा। मतदान केन्द्र के 100 मीटर की परिधि में प्रचार संबंधी किसी भी प्रकार की पोस्टर/बैनर नहीं होगा। मतदाताओं के सहयोग के लिए बीएलओ को मतदान केन्द्र के बाहर तैनात किया जाएगा।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने बताया कि कोई भी व्यक्ति जो मतदान के दौरान पीठासीन अधिकारी के वैध निर्देशों का पालन करने में विफल रहता है या दुर्व्यवहार करता है उसे किसी भी पुलिस अधिकारी या पीठासीन अधिकारी द्वारा अधिकृत अन्य व्यक्तियों द्वारा उसके आदेश पर मतदान केंद्र से हटाया जा सकता है। कोई भी व्यक्ति, जो किसी भी चुनाव में धोखाधड़ी से या अनधिकृत रूप से मतदान केंद्र से वोटिंग मशीन ले जाता है या ले जाने का प्रयास करता है या जानबूझकर ऐसे किसी कार्य को करने में सहायता करता है या उकसाता है। उसके विरूद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।मतदान केन्द्र में मोबाईल फोन, सैल्युलर फोन और किसी भी तरह की इलेक्ट्रानिक डिवाइस ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। मतदान केन्द्र या उसके 100 मीटर के भीतर ऐसे टोपी, शॉल, बैज, प्रतीक आदि की अनुमति नहीं होगी, जिस पर राजनीतिक दल, उम्मीदवारों या राजनीतिक नेताओं के नाम और उनके नारे, प्रतीक या उनका सचित्र प्रतिनिधित्व हो, जो किसी चुनाव लड़ने के लिए प्रचार के लिए हो सकते है उन्हें समान हो सकते हैं, अनुमति नहीं दी जाएगी।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान दिवस के 48 घंटे के भीतर किसी भी प्रकार का सभा जुलुस निर्वाचन संबंधी प्रचार-प्रसार के लिए वाहन की उपयोग की अनुमति नहीं होगी। बल्क एसएमएस, वाईस कॉल जातिगत, धार्मिक, मस्जित, मंदिर, गुरूद्धारा, चर्च एवं अन्य धार्मिक स्थलों पर अंतिम 48 घंटों में अपील राजनीतिक दल अथवा प्रत्याशी द्वारा प्रचार-प्रसार नहीं किया जाएगा। मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समय समाप्त होने वाली 48 घंटे की अवधि के दौरान उम्मीदवार सीनेमेटोग्राफ, टेलीविजन या अन्य समान उपकरण के माध्यम से किसी भी निर्वाचन से संबंधि समाग्री को जनता के सामने प्रदर्शित नहीं करेंगे। किसी भी जनमत सर्वेक्षण या एक्जिट पोल के परिणाम को किसी भी समय प्रिंट, इलेक्ट्रानिक सहित अन्य मीडिया द्वारा किसी भी तरीके से प्रकाशित, प्रचारित या प्रसारित करने पर पांच मई 2024 के शाम 6 बजे से प्रतिबंधित होगा। प्रिंट मीडिया पर राजनैतिक विज्ञापन या प्रचार समाग्री का अंतिम 48 घंटे के पूर्व प्रकाशन का प्रमाणन आवश्यक होगा।किसी भी मतदान क्षेत्र में मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समय के साथ समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की वाहनों पर या किसी भी अन्य तरीके से लगे लाउड स्पीकरों का प्रयोग करने की अनुमति नहीं होगी। मतदान बंद होने से 48 घंटे पहले चुनाव वाले निर्वाचन क्षेत्र में राजनैतिक पदाधिकारियों के उस क्षेत्र का मतदाता नहीं हैं, के रहने पर प्रतिबंध होगा। सभी दलों और उम्मीदवारों को मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समय के समाप्त होने वाले 48 घंटे के अवधि के दौरान सार्वजनिक सभा एवं जुलुस का आयोजन नहीं किया जाएगा।

## जागरूक मतदाता अच्छे जनप्रतिनिधि चुन सकते हैं: अजीत वसंत



कोरबा । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने प्रजातंत्र की मजबूती के लिये मतदान को आवश्यक बताते हुए कहा कि जागरूक मतदाता अच्छे जनप्रतिनिधि चुन सकते हैं। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को निष्पक्ष होकर और प्रलोभन से दूर रहकर मतदान करने जागरूक बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को उनके वोट का महत्व को समझना होगा। मतदाता जागरूक होकर एवं मतदान में हिस्सा लेंगे तो एक बेहतर जनप्रतिनिधि चुन सकते हैं और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से अपने क्षेत्र का बेहतर विकास भी करा सकते हैं।कलेक्टर अजीत वसंत ने जिले जिले के मतदाताओं को जागरूक होकर मतदान करने की अपील की। उन्होंने जिले में स्वीप द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को अनेक जानकारी मिलने की बात कहते हुए कहा कि स्वीप की टीम का योगदान निर्वाचन के दौरान महत्वपूर्ण हो जाता है। इसलिए वे जिम्मेदारी के साथ मतदाताओं को जागरूक करें। कलेक्टर ने प्रजातंत्र की रक्षा और मजबूती के लिए मतदान को आवश्यक बताते हुए कहा कि मतदान करके हम अपनी पसंद का उम्मीदवार, जनप्रतिनिधि के रूप में चुन सकते हैं। जहां के मतदाता जागरूक होंगे वहां के जनप्रतिनिधि भी विकास कार्यों में रूचि लेंगे। विकास कार्यों से जुड़ी योजनाओं, नीति में जनप्रतिनिधियों का योगदान होता है। इसलिए जागरूक मतदाता बिना किसी प्रलोभन के निष्पक्ष होकर अच्छे जनप्रतिनिधि चुनेंगे तो निर्वाचित जनप्रतिनिधि अधिकारियों के माध्यम से विकास से जुड़ी योजनाओं को और भी प्रभावी बनाकर अपने क्षेत्र का विकास करा सकता है।

# निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी की तैयारियों का प्रेक्षक ने लिया जायजा



कोरबा । लोकसभा चुनाव के सफल आयोजन हेतु जिला निर्वाचन विभाग की तैयारियां जोरों पर हैं। मतदान से एक दिन पहले दलों को मतदान सामग्री का वितरण किया जाएगा। इसके लिए विधानसभावार वितरण की व्यवस्था की गई है। विधानसभा कोरबा एवं रामपुर के मतदान दलों को आईटी कॉलेज से एवं कटघोरा व पाली तानाखार विधानसभा के दलों को कटघोरा के मुकुटधर पांडेय महाविद्यालय से सामग्री वितरित की जाएगी।

सामान्य प्रेक्षक श्री प्रेम सिंह मीणा, कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने आज कोरबा के आईटी कॉलेज में निर्मित स्ट्रांग रूम में 06 मई को किए जाने वाले निर्वाचन सामग्री वितरण की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान दलों के प्रवेश, उनकी वाहन व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, सामग्री वितरण के लिए बनाए गए काउंटर इत्यादि व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने गर्मी को ध्यान में रखकर आवश्यक सभी सुविधाएं सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए, जिससे मतदान दल आराम से सामग्री लेकर रवाना हो सकें। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा, निगमायुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई, अपर कलेक्टर दिनेश नाग, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा पात्रे, एआरओ, तहसीलदार, सेक्टर ऑफिसर्स सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।आईटी कॉलेज के स्ट्रांग रूम में आज सुबह विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की उपस्थिति में सामग्री वितरण कार्य का ड्राई रन किया गया। एआरओ द्वारा सम्बंधित विधानसभा के सेक्टर ऑफिसर सहित अन्य अधिकारियों को बताया गया कि 06 मई को सुबह 7 बजे से मतदान दलों को ईवीएम मशीन सहित अन्य सामग्री का वितरण प्रारंभ होगा। सभी अधिकारी-कर्मचारी निर्धारित समय पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। विधानसभावार मतदान दलों के प्रवेश और निकासी की व्यवस्था है। सामग्री प्रदान करने के लिए सेक्टर और मतदान केन्द्रवार व्यवस्था की गई है।

इस हेतु आप सभी अपनी बैठक व्यवस्था, स्ट्रांग रूम से ईवीएम मशीन को वितरण टेबल तक लाने, मशीनों की जांच, आवश्यक प्रपत्रों को भरने इत्यादि कार्यो का पूर्वाभ्यास कर अपने दायित्वों को भलीभांति निर्वहन करें। जिससे सामग्री वितरण के दौरान किसी प्रकार की समस्या नहीं हो।

## मतदान समाप्ति तक शुष्क दिवस घोषित

कोरबा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए 05 मई शाम पांच बजे से सभी प्रकार के राजनैतिक प्रचार थम जायेंगे। मतदान दिवस 07 मई तक संपूर्ण दिवस शुष्क दिवस घोषित किये गये हैं। इस अवधि में कोरबा जिले में संचालित सभी देशी, विदेशी, कम्पोजिट, प्रीमियम मदिरा दुकानें तथा एफ.एल-3 होटल बार, और एफ.एल-3 क अनुज्ञप्ति पूर्णत: बंद रहेंगे। इस संबंध में जिले के सहायक आबकारी आयुक्त ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन संबंधी कार्यों को निर्विघ्न एवं निष्पक्षतापूर्वक संपन्न कराने के लिए कलेक्टर कार्यालय से आदेश जारी किया गया है।

## मतदान दिवस 07 मई को सामान्य अवकाश घोषित

कोरबा। मुख्य पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार जिले में ''लोकसभा निर्वाचन अन्तर्गत ''संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-04 कोरबा'' के लिए होने वाले मतदान तिथि 07 मई मंगलवार को सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। कोरबा जिले के सम्पूर्ण क्षेत्र में 07 मई को मतदान दिवस होने के कारण सामान्य अवकाश रहेगा।





# ग्राम पंचायतों में आयोजित की गई स्वीप की गतिविधियां

कोरबा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देषन एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के युवा, बुजुर्ग, महिला, पुरूष सहित स्कूल-कॉलेजों के सभी छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़-नाटक, रैली, नारा-लेखन, निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।इसी श्रृंखला में जनपद पंचायत पाली के सीईओ श्री भूपेन्द्र सोनवानी ने ग्राम खैराडूबान के ग्रामीणों को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए शपथ दिलाई। इसके साथ ही उन्हें अन्य लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने की बात कही। जनपद पंचायत कोरबा की सीईओ श्रीमती इंदिरा भगत ने ग्राम पंचायत अमलडीहा में आमजनों को मतदान करने के लिए प्रेरित करते हुए शत-प्रतिशत मतदान के लिए षपथ दिलाई। ग्राम पंचायत भुलसीडीह, कोलगा, कोरकोमा में ग्रामीणों द्वारा शत-प्रतिशत मतदान के लिए रंगोली बनाई गई तथा शपथ ली गई। इसके साथ ही ग्रामीण महिला-पुरूषों के द्वारा स्वीप गतिविधि के संबंध में पोस्टर प्रदर्शित करते हुए गांव में रैली निकालकर मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 में 07 मई को शत-प्रतिशत मतदान करके मजबूत लोकतंत्र बनाने का संदेश दिया।जनपद पंचायत कटघोरा के सीईओ श्री यशपाल सिंह ने ग्राम पंचायत बिरदा में ग्रामीणों को 07 मई को शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई। सीईओ ने कहा कि मतदान करना हम सब का कर्तव्य है, सभी इसका निर्वहन करें। इस अवसर पर ग्रामीण महिलाओं ने मतदाता जागरूकता संबंधी रंगोली बनाई तथा शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए गांव में रैली निकालकर अनिवार्य मतदान का संदेश दिया।

# कलेक्टर ने वार्ड 15 के निवासियों को दिया मतदान का न्यौता

**प्रथम बार मतदान करने वाले युवाओं का उत्साहवर्धन कर मतदान के लिए किया आमंत्रित**



कोरबा । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत की उपस्थिति में खाद्य विभाग द्वारा कोरबा शहरी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 15 में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर ने वार्ड क्रमांक 15 के निवासियों को लोकसभा चुनाव के लिए 07 मई को होने वाले मतदान का न्यौता देकर सभी को अनिवार्य मतदान के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने आमजनों को मतदान की महत्ता की जानकारी देते हुए कहा कि मतदान करना आपका मौलिक अधिकार है, इसे नैतिक कर्तव्य समझकर निर्वहन करें। सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में सभी की सहभागिता आवश्यक है। इस हेतु आप सभी मतदान कर अच्छे नागरिक होने का फर्ज निभाएं। उन्होंने कहा कि मतदान से हम अपने साथ साथ अपने क्षेत्र के विकास का भविष्य तय करते है। आपका वोट बहुमूल्य है इसका उपयोग निष्पक्ष मतदान कर योग्य उम्मीदवार के चयन में कीजिए। साथ ही कोई भी व्यक्ति मतदान करने से वंचित नही रहे इसलिए अपने आस पास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें।

कलेक्टर ने पहली बार मतदान करने वाले युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें मतदान के लिए आमंत्रित किया एवं उपस्थित सभी लोगों को शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई। इस अवसर पर खाद्य अधिकारी श्री घनश्याम सिंह कंवर सहित खाद्य विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में वार्ड निवासी उपस्थित थे।

# आखिरी दिन सरोज का शहर में रोड शो,ज्योत्सना ने निकाली रैली



कोरबा। लोकसभा चुनाव के लिए 7 मई को यहां वोट डाले जाएंगे। इससे पहले रविवार की शाम प्रचार का समय खत्म होने से पहले कांग्रेस और भाजपा ने अपने-अपने प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो, बाइक रैली निकाली। भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय ने रोड शो में शामिल होने के साथ-साथ विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि मंडलों से भी व्यस्तता के बीच चर्चा की और कोरबा लोकसभा के विकास को लेकर अपनी सोच को उनसे साझा किया। इधर कांग्रेस प्रत्याशी सीटिंग एमपी ज्योत्सना महंत व उनके पति प्रतिपक्ष के नेता डॉ. चरणदास महंत भी कांग्रेस की न्याय गारंटी के बिंदुओं को लोगों के बीच रख रहे हैं। विभिन्न ग्रामों में जनसंपर्क के अलावा गेवरा, दीपका क्षेत्र में ज्योत्सना महंत भी एक रैली में शामिल हुईं। रविवार की शाम तक दोनों ही प्रमुख दलों ने प्रचार में अपनी ताकत लगा दी। इसके साथ-साथ संगठन के पदाधिकारी विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में मतदान के दिन की तैयारियों के लिए भी कार्यकर्ता व मंडल पदाधिकारियों के साथ बैठक में जुटे रहे। भाजपा संगठन के साथ-साथ उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल भी मोर्चा संभाले हुए हैं। भाजपा ने चुनाव की तैयारियों को तीन स्तरीय रखा हुआ है, जहां सीधा संपर्क स्थानीय नेता, पदाधिकारी कर रहे हैं वहीं प्रदेश के अलग-अलग शहरों से आए भाजपा के नेता भी जुटे हुए हैं। इसी तरह से कांग्रेस में अब तक शहरी क्षेत्र में सक्रिय रहने वाली वरिष्ठ नेताओं व जनप्रतिनिधि की टीम नेपथ्य में रहकर काम कर रही है। वहीं कार्यकर्ताओं व लोगों की मन की बात टटोलने के लिए महंत दंपति ने अलग अभियान रखा। यहां भी एनजीओ स्टाइल में चुनाव प्रबंधन का जिम्मा भी दिया है। सोशल मीडिया में कांग्रेस भी अपनी उपस्थिति निरंतर दर्ज करा रही है।

भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय ने रविवार को कहा कि कोरबा ही नहीं पूरे लोकसभा क्षेत्र का विकास का एक रोडमैप उन्होंने जानकारों की सलाह लेकर तैयार किया है। इधर कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत व डॉ. चरणदास महंत ने चुनाव प्रचार के दौरान शहरी क्षेत्र में खास तौर पर स्लम बस्तियों पर फोकस किया है, वहीं उनका ज्यादा जोर कोरबा लोकसभा क्षेत्र के आदिवासी इलाकों में रहा है। गेवरा, दीपका क्षेत्र में कांग्रेस की एक बड़ी वाहन रैली निकली, जिसमें ज्योत्सना शामिल हुईं। कांग्रेस की न्याय गारंटी योजना युवा, महिला, किसान, श्रमिक के कल्याण व विकास को ध्यान में रखकर बनाई गई है। उन्होंने कांग्रेस की सत्ता आने पर सालाना एक लाख रु. देने की योजना को रखा।



## बसें अधिग्रहित होने से स्टैंड बस विहीन, यात्री परेशान

कोरबा। लोकसभा चुनाव के लिए मतदान दलों व सुरक्षा बल को मतदान केंद्रों के लिए भेजने निर्वाचन विभाग ने यात्री बसों का अधिग्रहण कर लिया है। शहर के नया बस स्टैंड से होकर जिले के भीतर व दूसरे जिलों के बीच चलने वाली 150 बसों में 130 का अधिग्रहण किया गया है। रविवार को अधिग्रहित बसों में करीब 70 फीसदी बसों को बुला लिया गया। सभी रूट पर बसों की कमी होने से यात्री परेशान नजर आए। गंतव्य के लिए इधर उधर भटकते रहे। बसों से भरे रहने वाला ट्रांसपोर्टनगर स्थित नया बस स्टैंड में गिनती के बस ही नजर आए। हालांकि कुछ बसों के रविवार को चलने से राहत जरूर मिलती रही। सोमवार को चुनाव के लिए अधिग्रहित किए गए सभी बसें निर्वाचन तत्काल के लिए रवाना हो जाएंगी।

# एमसीएमसी के सटिफिकेट के बिना नही प्रकाशित हो सकेंगे चुनावी विज्ञापन

कोरबा । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान कलेक्टर ने निर्वाचन आयोग द्वारा सौंपे गए दायित्वों के बारे में बताया और उनका पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समिति की बैठक में प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया और इलेक्ट्रानिक मीडिया ईकाई द्वारा प्रतिदिन प्रकाशित और प्रसारित समाचारों के साथ विज्ञापनों पर सत्त निगरानी रखने के साथ अखबारों के कतरन, स्क्रीन शॉट और विजुअल संग्रहित करने तथा घोषित उम्मीदवारों और राजनीतिक व्यक्तियों द्वारा मतदाताओं को प्रभावित करने के उद्देश्य से प्रकाशित एक जैसे समाचारों को चिन्हित कर पेडन्यूज के रूप में रखने और संबंधित को नोटिस जारी करने के संबंध में चर्चा की गई। लोकसभा निर्वाचन 2024 के संबंध में चुनाव आयोग द्वारा जारी निर्देशों के तहत मतदान दिवस एवं मतदान से एक दिन पूर्व मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों के विज्ञापनों का प्रमाणन मीडिया प्रमाणन एवं मीडिया निगरानी (एमसीएमसी )से अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिये गये।

कोरबा जिले में 07 मई को वोट डाले जाएंगे, इसे देखते हुए 06 व 07 मई को प्रिंट मीडिया में प्रकाशित किए जाने वाले ऐसे तमाम राजनीतिक विज्ञापनों को जिला व राज्य स्तर पर गठित प्रमाणन व मीडिया निगरानी समिति (एमसीएमसी) से पूर्व-प्रमाणीकरण कराना अनिवार्य है, निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए है, राजनीतिक लाभ लेने व मतयाचना के लिए राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों द्वारा समाचार-पत्रों में विज्ञापन किया जाता है। बैठक में अपर कलेक्टर श्री दिनेश कुमार नाग, समिति के सदस्य श्री निलेश कुजूर, श्री हेमंत जायसवाल, डॉ. राजेश सक्सेना, नोडल अधिकारी श्री कमलज्योति, श्री विनोद सिंह, डॉ. एम. महतो उपस्थित थे।

## संडे को वेव्हपूल हो गया ओवरलोड, प्रवेश रोकने पर मचा हंगामा



कोरबा । मौसम लगातार तल्ख होता जा रहा है और पारा बढ़ने से भीषण गर्मी पड़ रही है। रविवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री पहुंचा, जिससे लोग बेहाल रहे। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग हरसंभव जतन कर रहे हैं। गर्मी के कारण शहर के सीएसईबी चौक के समीप विवेकानंद उद्यान अप्पू गार्डन का वेव्हपूल भी रविवार को ओवरलोड हो गया, जहां सुबह 9 से 10.30 बजे परिवार व महिलाओं की एंट्री होने पर स्थिति ठीक रही, लेकिन सुबह 11.30 बजे से 1 बजे तक के टाइमिंग के लिए हजारों लोग पहुंच गए। टिकट घर के बाहर जमकर भीड़ रही। वेव्हपूल की क्षमता 5 सौ होने के बाद भी लोग प्रवेश करते गए और करीब 8 सौ की संख्या अंदर पहुंच गई। बाहर करीब 2 सौ लोग अंदर प्रवेश पाने के इंतजार में थे। सीएसईबी चौकी से पुलिस टीम बुलाई गई।अव्यवस्था के चलते टिकट लेकर भी लौटे लोग अप्पू गार्डन में वेव्हपूल सप्ताह में 3 दिन रविवार, मंगलवार व शुक्रवार को खुलता है। रविवार अवकाश का दिन होने से ज्यादातर लोग उपनगरीय व दूरदराज क्षेत्रों से परिवार समेत गर्मी में छई छपा छई करते हुए राहत पाने के लिए पहुंचे थे। लेकिन टिकट लेने के बाद भी भीड़ अधिक होने से वे अंदर नहीं जा सके और ज्यादातर लोगों को बैरंग लौटना पड़ा। दरअसल अप्पू गार्डन में अव्यवस्था होने की वजह से ऐसा हुआ।

## प्रेक्षक व कलेक्टर की उपस्थिति में मतदान दलों का तृतीय रेंडमाइजेशन हुआ संपन्न



कोरबा । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कोरबा जिले के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री प्रेम सिंह मीणा एवं जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर श्री अजीत वसंत की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में मतदान दलों का तृतीय रेंडमाइजेशन सम्पन्न हुआ। लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु जिले के चारो विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु 07 मई को मतदान किया जाएगा। मतदान दिवस पर नियुक्त मतदान अधिकारियों का तृतीय रेंडमाइजेशन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए गए विशेष सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया गया।

कोरबा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 20 रामपुर, 21 कोरबा, 22 कटघोरा, 23 पाली तानाखार व 24 मरवाही हेतु निर्वाचन कार्य पूर्ण कराने के लिए नियुक्त मतदान दलों का रेंडमाइजेशन किया गया। इस दौरान माइक्रो ऑब्जर्वर का भी रेंडमाइजेशन किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा, निगमायुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा पात्रे, डीआईओ हेमंत जायसवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# दर्री तालाब के रख रखाव पर ध्यान नहीं, दुर्घटना की आशंका

**सक्ती।** बरसात के समय दस माह पहले भरभराकर गिरे दर्री तालाब के सड़क किनारे के दीवार की मरम्मत अब तक नगर पालिका के द्वारा नहीं कराई गई है और न ही किसी जनप्रतिनिधि ने इस ओर ध्यान दिया है। इससे दुर्घटना की भी आशंका बनी हुई है। दर्री तालाब के रखरखाव और सुंदरीकरण के तरफ किसी के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।शहर के दर्री तालाब का सुंदरीकरण नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष डा. कुरैशी के कार्यकाल में हुआ था।



नगर में कई तालाब है मगर शहर के बीचों बीच दर्री तालाब के आसपास कई मंदिर मां महामाया मंदिर, साईं मंदिर, मां संतोषी मंदिर, हरि गुर्जर मठ तथा छोटे- छोटे और भी मंदिर है। सुंदरीकरण के तहत इस तालाब में फव्वारा, आकर्षक लाइटिंग, चारों ओर तार के साथ बैठने की व्यवस्था भी की जाने का निर्णय लिया गया था।जिसके तहत तालाब के बीचो बीच लाइटिंग के साथ एक फव्वारा भी लगाया गया था जो रात में आकर्षक दिखता था। साथ ही दर्री तालाब के चारों ओर दीवार का निर्माण किया गया था। मगर तालाब के रखरखाव के तरफ ध्यान नहीं दिया गया। जिसके कारण फव्वारा तालाब के किनारे पड़ा हुआ है।

तालाब का सुंदरीकरण खत्म होते जा रही है। दस माह पहले तालाब के एक तरफ सड़क से लगी हुई दीवार बरसात में भरभराकर गिर गई थी। मगर उसके मरम्मत के तरफ नगर पालिका के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया और न ही किसी जनप्रतिनिधि ने इस तरफ कोई पहल की। जिसके कारण आज भी वैसा ही पड़ा हुआ है। तालाब किनारे बड़ी संख्या में लोग निवास करते हैं। बाउंड्री के एक तरफ टूटने से कोई भी अप्रिय घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। मोहल्लेवासियों ने टूटे हुए दीवार के शीघ्र मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

# ओवर लोड बढ़ने से ट्रांसफार्मरों के तार गिर रहे जलकर

**जांजगीर- चांपा।** भीषण गर्मी में तापमान बढ़ने के साथ ही बिजली के उपकरण भी जवाब देने लगे हैं। एक ओर ट्रांसफार्मर जल रहे हैं तो बिजली के तार गर्म होने की वजह से तार जलकर टूट रहे हैं। इतना ही नहीं ओवरलोड से डीओ भी लगातार कट रहा है। ऐसे में लगातार बिजली बिजली गुल होना स्वाभाविक है। सबसे खराब स्थिति ग्रामीण अंचलों की है। क्यों कि ग्रामीण अंचलों में बिजली की मरमत समय पर नहीं हो पाती है। वहीं शहर में शिकायत होने पर बिजली के कर्मचारी की मरमत के लिए अमला तैनात हो जाता है। अधिकतर घरों में एसी लगने से लोड बढ़ रहा है। ऐसे में ट्रांसफार्मर जलना स्वाभाविक है। ओवरलोड से तार टूटने की शिकायत आम हो गई है।



ओवरलोड से डीओ कट जाता है। इससे बिजली गुल हो जाती है।गर्मी में बिजली की समस्या आम होते जा रही है। लोड बढने से विद्युत उपकरण जल रहे हैं। इसके कारण चौबीसो घंटे बिजली मिल पाना संभव नहीं हो पा रहा है। लोगों को एक पल भी बिजली नहीं मिलने पर परेशान हो जाते हैं क्यों कि हर पल कूलर पंखे की जरूरत होती है। लगातार ट्रांसफार्मर चलने से हीट होकर जलने लगे हैं। बीते एक माह के भीतर जिले भर में लगभग दो दर्जन से अधिक ट्रांसफार्मर जल चुके हैं। विद्युत अमला ट्रांसफार्मर आपूर्ति करते थक जा रहा है। सबसे खराब स्थिति ग्रामीण अंचल में है। ग्रामीण अंचल में लोग हीटर का उपयोग करते हैं।

इसके अलावा लोग लगातार कूलर पंखे का उपयोग करते हैं। ग्रामीण अंचल में भी एसी का चलन बढ़ गया है। ऐसे में ट्रांसफार्मर जलना स्वाभाविक है। ग्रामीण अंचल के अलावा शहर में एसी का चलन बढ़ गया है। अधिकतर घरों में एसी लगने से लोड बढ़ रहा है। ऐसे में ट्रांसफार्मर जलना स्वाभाविक है। ओवरलोड से तार टूटने की शिकायत आम हो गई है। ओवरलोड से डीओ कट जाता है। इससे बिजली गुल हो जाती है। एई सौरभ कश्यप का कहना है कि गर्मी के दिनों में बिजली की खपत बढ़ती है, इससे ट्रांसफार्मर भी हीट होकर खराब होता है। छोटी समस्याओं की मरमत स्थानीय स्तर पर हो जाती है। बड़ी समस्या होने पर बाहर भेजा जाता है।

**कर्मचारियों की समस्या**

विद्युत के मेंटेनेंस के लिए विद्युत मंडल लाइनमेन की भर्ती वर्षों से नहीं की है। इसके कारण त्वरित मेंटेनेंस नहीं हो पाता। खासकर ग्रामीण अंचल में लाइनमेन के दर्जनों पद रिक्त है। यही वजह है कि ग्रामीण अंचल में रात को बिजली होने पर दूसरे दिन बिजली की मरमत हो पाती है। यदि पर्याप्त संया में कर्मचारी होते तो समय पर ग्रामीण अंचलों में शहर की तरह मेंटेनेंस हो जाता। बताया जा रहा है कि जिले भर में दो दर्जन लाइनमेन के पोस्ट रिक्त है। कर्मचारियों की भर्ती करने के बजाए विद्युत मंडल ठेका कर्मचारियों के भरोसे काम चला रहा है।

**चल रही झुलसा देने वाली गर्महवाएं**

जिले में तापमान 43 डिग्री तक पहुंच गया है। इसके चलते दोपहर में शरीर को झुलसा देने वाली गर्म हवाएं भी चल रही है। लोग गर्मी से बचने के लिए कूलर, एसी व पंखों के सहारा ले रहे हैं। दोपहर में भी अब सड़क में चहल पहल कम दिख रही है। प्रदेश में सर्वाधिक गर्म स्थान जांजगीर - चाम्पा है। सर्वाधिक गर्मी यहां पड़ती है। हर साल मई महीने में सर्वाधिक तापमान दर्ज किया जाता है।

# हॉस्पिटल के कमोड में मिला नवजात शिशु, जांच में जुटी पुलिस

**जांजगीर चांपा।** एक युवती ने बिना शादी के बच्ची को जन्म दिया है। हद तो तब हो गई जब नवजात कन्या सक्ती में संचालित प्राइवेट हॉस्पिटल गोमती देवी के बाथरूम के कमोड में मिली थी। इससे शहर में सनसनी फैल गई। पुलिस के अनुसार नवजात कन्या शिशु की हत्या का प्रयास किया जा रहा था, लेकिन बच्ची जीवित थी और जब रोने की आवाज आई तब खुलासा हुआ।

मामले को दबाने का पुरजोर प्रयास किया जा रहा था। लेकिन बच्ची के जीवित होने से मामला नहीं दबा और अंतिम में पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने युवती के खिलाफ 307 व 315 के तहत अपराध दर्ज कर जांच कर रही है। मामले में निजी अस्पताल की भूमिका भी संदिग्ध होने की स्थिति में व मानवता के आधार पर कलेक्टर अमृत विकास टोपनो द्वारा तत्काल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जांच के लिए आदेशित किया।

बिना देरी किए सीएमएचओ सक्ती डॉ. सूरज सिंह राठौर ने जांच दल गठित कर 3 मई को गोमती देवी हॉस्पिटल के कृत्य की जांच कराई। जहां पता चला कि अस्पताल प्रबंधन द्वारा जांच अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार किया गया। वहीं जांच में सहयोग भी नहीं किया गया। जिसके बाद जांच दल अपने सुपीरियर के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए पंचनामा तैयार कर जांच को पूरी की।

जल्द ही जांच रिपोर्ट सीएमएचओ को सौंपी जाएगी। वहीं जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई



किया जाएगा। बताया जा रहा है कि गोमतीदेवी अस्पताल के शुरुआत से ही संदिग्ध की स्थिति बनी हुई है। वहीं इलाज के संबंध में भी लगातार अस्पताल प्रबंधन पर आरोप लग रहें हैं। साथ ही सोनोग्राफी को लेकर भी बातें आ रही है कि सोनोग्राफी के लिए जिस मापदंड की डिग्री या डिप्लोमा चाहिए सिर्फ उसका कागज लगाया गया है। अन्य व्यक्ति द्वारा सोनोग्राफी किया जा रहा है जो नियम के विरुद्ध है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सूरज सिंह राठौर ने कहा कि मामले की जानकारी प्राप्त हुई थी। कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया था कि मामले की जांच कर जल्द रिपोर्ट पेश किया जाए। इसके बाद डॉक्टरों की टीम गठित कर जांच की गई है। रिपोर्ट मिलते ही नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# शहर के घरों में पहुंच रहे मटमैले पानी ने बढ़ाई दिक्कत

**बिलासपुर।** अमृत मिशन योजना के तहत बिछाए गए पाइप लाइन से पानी सप्लाई शुरू दी गई है, लेकिन इसके चालू होने से घरों में मटमैला पानी आने की शिकायत सामने आ रही है। पाइप लाइन में काफी मात्रा में मिट्टी जमी हुई है। यही वजह है कि घरों में मटमैला पानी पहुंच रहा रहा है। मंगलवार को भी शहर के विनोबा नगर, गोड़पारा, भारतीय नगर के साथ आस पास के क्षेत्र के घरों में मटमैला पानी पहुंचा। इसकी वजह से प्रभावित क्षेत्र के लोगों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ा।

सबसे ज्यादा समस्या विनोबा नगर, भारतीय नगर, हेमू नगर, जरहाभाठा, तालापारा, जोरापारा सरकंडा, शांतिनगर आदि क्षेत्र में रहने वाले वार्डवासियों को हुआ। जहां गहरा मटमैला पानी लोगों के घरों में पहुंचा। सुबह के साथ शाम के सप्लाई के दौरान भी इस तरह की समस्या सामने आई है। रहवासियों के मुताबिक पानी इतना मटमैला आ रहा है कि उसे किसी भी हालत में पीना तो दूर की बात है, अन्य प्रकार से भी उपयोग करते नहीं बन रहा है। रोजाना शहर के किसी न किसी क्षेत्र से मटमैला पानी आने की शिकायत सामने आ रही है। वहीं नगर निगम प्रबंधन का कहना है कि जल्द ही समस्या दूर कर दी जाएगी।

अमृत मिशन प्रोजेक्ट की पाइप लाइन में जमी मिट्टी की वजह से ऐसा हो रहा है। कुछ दिनों में मिट्टी निकल जाएगी। इसके बाद साफ पानी की सप्लाई निर्बाध रूप से होता रहेगा। लेकिन जब तक ऐसा नहीं होता है तब तक शहरवासियों को मटमैले पानी की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

**धमतरी।**

तेंदूपत्ता तोड़ने जंगल गई महिला को हाथी ने पटक-पटक कर मार डाला, अब तक 10 की मौत

# बिलासपुर के जोनल स्टेशन में भुगतान झटपट, चिल्हर की खत्म हुई झंझट

**बिलासपुर।** जोनल स्टेशन के जनरल टिकट काउंटर में अब यात्री झटपट भुगतान कर सकते हैं। चिल्हर को लेकर भी झंझट भी नहीं होगी। रेल प्रशासन ने इस समस्या का समाधान कर दिया है। यात्री जनरल टिकट खरीदकर किराए का भुगतान किसी भी काउंटर पर आनलाइन कर सकते हैं। सभी काउंटर पर क्यूआर लगाया गया है। यात्रियों को केवल क्यूआर कोड पर स्केन करना होगा। भुगतान होने के बाद ही प्रिंटर से टिकट प्रिंट होकर निकलेगा।

रेलवे कैशलेस सुविधा को पिछले कुछ सालों से बढ़ावा दे रही है। पार्सल से लेकर आरक्षण केंद्र में आनलाइन भुगतान की व्यवस्था की गई है। यहां तक स्टेशन में संचालित स्टाल व अन्य फूड यूनिट में सामान खरीदकर यात्री आनलाइन पेमेंट कर सकते हैं। लेकिन, जनरल टिकट काउंटर ऐसी जगह थी, जहां यात्रियों को जनरल टिकट खरीदने के बाद किराया कैश के रूप में देना पड़ता था। लेनदेन नकद होने की वजह से अक्सर चिल्हर को लेकर दिक्कत आती थी। स्टाफ व यात्रियों के बीच विवाद भी होता था। आनलाइन भुगतान सुविधा नहीं होने के कारण यात्री रेलकर्मी को खरीखोटी भी सुनाते थे। रेल प्रशासन के ध्यान में जनरल टिकट काउंटर की यह दिक्कत थी। इसका समाधान कर आनलाइन भुगतान की व्यवस्था करने में रेलवे जुटी हुई थी। अब जाकर यह व्यवस्था कर ली गई है। हालांकि शुरुआत में ट्रायल के तौर पर केवल एक ही काउंटर पर क्रिस क्यूआर डिवाइस लगाई गई। इस सुविधा को लेकर यात्रियों से बेहतर रिस्पांस मिलने पर लगभग सभी जनरल काउंटर में क्यूआर कोड की सुविधा दी गई।

# बसपा को मिलने वाले वोट काफी गहरा असर डाल सकते है भाजपा और कांग्रेस की हार-जीत पर

**जांजगीर।** प्रदेश की अकेली अनुसूचित जाति आरक्षित लोकसभा सीट जांजगीर चांपा में भाजपा और कांग्रेस के बीच इस बार कांटे की टक्कर है। इस लोकसभा में तीसरी पार्टी के तौर बसपा हमेशा दमदारी के साथ चुनाव लड़ती रही है। ऐसे में बसपा कितने वोट पाती है, उस पर ही जीत-हार तय होगी। अगर बसपा को अधिक वोट मिलते हैं तो भाजपा को फायदा होगा। लेकिन अगर बसपा कमजोर पड़ती है तो यह वोट बैंक कांग्रेस की तरफ शिफ्ट हो सकता है और ऐसे में परिणाम बदल सकते हैं। भाजपा ने इस बार नए चेहरे के तौर पर सरपंच कमलेश जांगड़े को मैदान में उतारा है। वहीं कांग्रेस ने पूर्व मंत्री शिवकुमार डहेरिया पर दांव लगाया है। हालांकि डहेरिया इस सीट पर 2009 में चुनाव हार चुके हैं।



कांग्रेस के लोकसभा चुनाव प्रभारी अर्जुन तिवारी बताते हैं कि इस बार चुनाव में संविधान बदलने का मुद्दा गरमा रहा है। हम लोग गांव-गांव में जाकर बता रहे हैं कि भाजपा संविधान बदलने के लिए 400 पार का नारा लगा रही है। इसके अलावा महालक्ष्मी योजना के भी 6 लाख फार्म बांटे जा चुके हैं। अंतर्कलह पर तिवारी का कहना है कि इस बार कांग्रेस एकजुट होकर लड़ रही है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल बताते हैं कि यहां भाजपा की जीत तय है। हमारी सरकार ने आते ही महतारी वंदन योजना के तहत जो महिलाओं के खाते में राशि भेजी है, किसानों को पुराना बोनस दिया। कांग्रेस के एक लाख रुपए पर कोई विश्वास ही नहीं कर रहा। संविधान पर भी लोग जान रहे हैं कि कांग्रेस झूठ बोल रही है, सब जानते हैं कि नेहरू ने ही अंबेडकर को संसद जाने नहीं दिया था। जांजगीर को जीतने के लिए भाजपा और कांग्रेस की बड़ी सभाएं हुई हैं। फरवरी में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की सभा हुई थी। इसके बाद अप्रैल में पीएम नरेंद्र मोदी ने सक्ती में सभा की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मंत्री ओपी चौधरी, विधायक अनुज शर्मा, खुशवंत साहेब लगातार सभाएं कर रहे हैं। गृह मंत्री विजय शर्मा पिछले दस दिनों से यहीं डेरा डाले हुए हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की जांजगीर में सभा हुई। भूपेश बघेल भी सभाएं ले चुके हैं।

लोकसभा में रामनामी समुदाय के करीब एक लाख वोट है। चंद्रपुर, डभरा, माल खरौदा और सरसींवा में इनकी बड़ी आबादी रहती है। कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में रामनामी के वरिष्ठ नेताओं ने उनसे मुलाकात भी की थी। इस समुदाय के लोगों को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में भी विशिष्ट तौर पर बुलाया गया था। वहीं कांग्रेस के विधायक भी उन्हें साधने में जुटे हुए हैं। हालांकि दबी जुबान में राम मंदिर बनने से इन लोगों का झुकाव भाजपा की तरफ नजर आ रहा है।

जातिगत समीकरण को देखें तो ओबीसी और एससी जिस पार्टी के साथ होगा वही चुनाव जीतेगी। हालांकि ओबीसी बंटे हुए हैं, इसलिए पार्टियों ने छोटी जातियों को भी अपनी ओर खींचने की कोशिश कर रही है।

1984 में बसपा के संस्थापक कांशीराम भी जांजगीर चांपा में आकर चुनाव लड़ चुके हैं। उन्हें 44000 वोट मिले थे। इसके बाद से कांग्रेस यहां मजबूत होती गई। छत्तीसगढ़ बनने के बाद से हर विधानसभा में बसपा एक-दो सीट जरूर जीतती। 2018 में जैजेपुर और पामगढ़ में बसपा जीती। लेकिन पहली बार ऐसा हुआ कि 2023 में एक भी सीट बसपा को नहीं मिली। ऐसे में बसपा कमजोर तो नजर आ रही है लेकिन इसका फिक्स वोट बैंक है।

कसडोल, बिलाईगढ़, जांजगीर चांपा, अकलतरा, सक्ती, चंद्रपुर, पामगढ़, जैजेपुर विधानसभा में कांग्रेस के विधायक हैं। उसके बावजूद अकलतरा, सक्ती, जांजगीर चांपा भाजपा आगे चल रही है। पामगढ़, जैजेपुर और चंद्रपुर में कांटे की टक्कर है। इसके अलावा कहा जाता है कि कसडोल और बिलाईगढ़ जो जीतेगा वही संसद जाएगा। यही वजह है कि दोनों पार्टियों ने यहां अपनी ताकत लगा रखी है।

इस लोकसभा में बसपा के पूर्व विधायक केशव चंद्रा, कांग्रेस के पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू जैसे बड़े नेता भाजपा में प्रवेश कर चुके हैं। अब ये भाजपा के लिए प्रचार कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस का दावा है कि प्रगतिशील सतनामी संगठन उनके साथ है।

## बिलासपुर में ताप कम करने आएंगे बादल, कल से वर्षा जैसी स्थिति



**बिलासपुर।** न्यायधानी भीषण गर्मी की चपेट में है। हीट वेव जैसी स्थिति बनी हुई है। रविवार को चमड़ी जला देने वाली गर्मी का अहसास हुआ। दिन में घर से निकलना मुश्किल था। गर्म हवाओं के कारण लोग बेचैन नजर आए। दिन का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग की मानें तो छह मई से मौसम का मिजाज बदल सकता है। सात व आठ मई को वर्षा जैसी स्थिति भी बन सकती है।

मौसम वेधशाला के विज्ञानी डा.एचपी चंद्रा के मुताबिक एक पश्चिमी विक्षोभ 65 डिग्री पूर्व और 28 डिग्री उत्तर में मध्य क्षोभमंडल में स्थित है। एक उपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मराठवाड़ा के ऊपर 1.5 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका मराठवाड़ा से तमिलनाडु तक 0.9 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में सोमवार को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने या गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना है। एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात होने व अंधड़ चलने के आसार हैं। अधिकतम तापमान में लगातार वृद्धि का दौर बने रह सकता है। इधर रविवार को दिनभर तेज धूप का अहसास हुआ। सुबह के 10 बजते ही सूर्य का ताप असहनीय हो गया। धूप की किरणें मानों चमड़ी को जला देने वाली थी। बाइक या कार मिनटों में गर्म हो रही थीं। आमजन छांव ढूंढते नजर आए। पशु-पक्षी और जानवर भी परेशान दिखे। शीतलपेय की दुकानों में भीड़ रही।

# कांग्रेसियों की परंपरा है मोदी को गाली देना व अपशब्द कहना: विजय शर्मा



**जांजगीर चांपा।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जांजगीर की सभा कहा है कि डॉ.चरणदास महंत ही नहीं समूचे कांग्रेस को हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से न केवल संविधान का पाठ पढ़ने की जरूरत है बल्कि आपस में झगड़कर पार्टी को बिखराव की कगार में पहुंचा चुके कांग्रेस के इन नेताओं को राजनीतिक सूझबूझ पार्टी संचालन नेतृत्व क्षमता जैसे पाठ भी मोदी से पढ़ने की जरूरत है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मोदी को गाली देना, अपशब्द कहना कांग्रेसियों की परंपरा बन चुकी है।

महंत डॉ. चरणदास ने भी इसी परंपरा का निर्वाह किया है। दरअसल डॉ. महंत भी चांदी का चम्मच मुंह में लेकर पैदा हुए हैं। बचपन से ठाठ-बाट के आदी डॉ. महंत यह पचा नहीं पा रहे कि एक चाय बेचने वाला कैसे देश का प्रधानमंत्री बनकर पूरे दस साल तक न केवल शासन किया बल्कि कभी देश की सबसे बड़ी पार्टी रह चुकी कांग्रेस को इस बार लोकसभा चुनाव में मुकाबले के लायक भी नहीं छोड़ा है।

उन्होंने चेतावनी दी है कि वे मोदी पर अनर्गल टिप्पणी करने से बचें और पढ़े लिखे डॉ. महंत पहले सामंती सोच से बाहर निकलें और देखें कि प्रदेश और देश में वे और उनकी पार्टी कहां खड़ी है। आपकी पार्टी के शहजादे और शहजादी जिनके इशारे पर आप झाड़ू लगाने और पोछा लगाने को तैयार रहते हैं, उत्तर प्रदेश में अपनी पारंपरिक सीटों पर चुनाव लड़ने से घबरा रहे हैं। पार्टी पूरी तरह बिखर गई है। समझदार नेता पार्टी छोड़कर जा रहे हैं। जो बचे हें वे वामपंथी सोच की गिरफ्त में हैं और आपस में लड़ भिड़कर पार्टी की स्थिति और खराब कर रहे हैं।

मोदी की शिक्षा को लेकर महंत के बयान को दुष्प्रचार बताते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि महंत की यह टिप्पणी पूरी तरह गलत है। मोदी ने बनारस में दाखिल किए अपने पर्चे में अपनी शिक्षा का पूरा विवरण दिया है। यह चुनाव आयोग की वेबसाइट में उपलब्ध है जिसे कोई भी व्यक्ति देखकर संतुष्ट हो सकता है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भाजपा के साथ देश लगातार तरक्की कर रहा है। भाजपा आज देश ही नहीं बल्कि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। देश के 17 राज्यों में भाजपा की सरकार है। मोदी के नेतृत्व में लगातार 10 वर्षों से भाजपा ने देश की बागडोर संभाल रखी है।

# सनातन परंपरा को मानने वाले सभी लोग जुड़े अपने धर्म से :चित्रलेखा देवी

**सक्ती।** नगर के ठाकुरदीया पारा वंदना ट्रेडर्स में जायसवाल परिवार व्दारा 4 मई से 10 मई तक भागवत कथा का आयोजन किया गया है जिसमें कथा वाचिका चित्रलेखा देवी के द्वारा 7 दिनों तक श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण भक्तगणों को कराया जाएगा जिसको लेकर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कथा वाचिका चित्रलेखा देवी ने कहा भागवत कथा का आयोजन जहां होता है वह जगह पावन हो जाता है और उस जगह पर आने वाला हर व्यक्ति को शांति प्राप्त होती है भागवत कथा का आयोजन हो रहा है यह संदेश जन-जन् तक आप सभी पत्रकारों के माध्यम से पहुंचना चाहिए और भक्तगण श्रीमद् भागवत कथा में भाग लेकर अपने जीवन को सफल बनाएं चित्रलेखा देवी जी ने बताया 4 मई से 10 मई तक भागवत कथा में मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति की कथा सुनाई जाएगी भागवत कथा में 18000 श्लोक है भागवत एक ऐसा गंगा का प्रवाह है जिसमें डुबकी लगाकर हर मानव भवसागर से पार होता है हमारा देश सनातनियों का देश है जहां ऋषि मुनि भगवान इस धरती में आकर अपनी लीला किए हैं युवा वर्ग पीढ़ी को उनके माता-पिता अच्छी शिक्षा दें और धर्म संस्कृति के बारे में बताएं और बाहरी दुनिया से उन्हें सुख शांति नहीं मिल पाएगी भागवत कथा में आए उन्हें शांति जरूर मिलेगी चित्रलेखा देवी जी ने कहा मनुष्य को मांसाहार नहीं होना चाहिए क्योंकि हर पशुओं में भगवान का वास होता है और हमारे हिंदू धर्म में पशुओं के भी पूजा होती है और उनका वध होने से हम सनातनियों को बहुत दुख होता है पशु वध नहीं होना चाहिए पशुओं का वध करने से भगवान को कष्ट होता है आज प्रकृति में पशु वध के चलते प्रकृति असंतुलित हो रही है धर्म और कर्म में अंतर पर उन्होंने कहा धर्म कर्म का अपना अलग-अलग जगह है कर्म वो होता है आज हम अपने बिजनेस में से जो धन अर्जित करते हैं और अपने कर्म के हिसाब से कार्य करते हुए उस राशि को धर्म में लगाते हैं तो वह धर्म होता है धर्म में अगर हम हमारे कमाए हुए धन से कुछ अंश धर्म में लगाए तो हमारा जीवन सार्थक होता है और धर्म कर्म दो पहलू हैं दोनों का महत्व अलग-अलग है और दोनों का अपनी अपनी जगह एक ही महत्व है कथा वाचिका चित्रलेखा देवी जी ने सभी भगवत प्रेमियों से अपील करती हूं कि 7 दिनों तक भागवत कथा श्रवण करने सभी भक्तगण पहुंचे और भागवत कथा श्रवण कर अपने जीवन को धन्य करें।



## अनमोल वचन......

फिर से प्रयास करने से कभी मत घबराना क्योंकि इस बार शुरुआत शून्य से नहीं अनुभव से होगी!

# छोटी सी योजना की शुरुआत

*प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने घोषणा की कि सुप्रीम कोर्ट अब व्हाट्सऐप संदेशों द्वारा जानकारी साझा करेगा। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की मौजूदगी के पिच्छत्तरवें वर्ष में यह छोटी सी योजना की शुरुआत की है। व्हाट्सऐप के रोजाना की जिंदगी में शामिल होने और इसके शक्तिशाली संचार सुविधा होने की बात भी उन्होंने की। इस पहल के अंतर्गत एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड तथा शीर्ष अदालत के समक्ष निजी तौर पेश होने वाले वादियों को मुकदमा ऑनलाइन दाखिल करने, वाद सूची, आदेशों तथा निर्णयों के संबंध में जानकारी प्राप्त होगी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इसे क्रांतिकारी कदम बताते हुए इसकी सराहना की। प्रधान न्यायाधीश ने व्हाट्सऐप नम्बर साझा करते हुए स्पष्ट किया कि इस पर कॉल या संदेश प्राप्त नहीं होंगे। निःसंदेह यह सबसे बड़ी अदालत को पेपरलेस बनाने की तरफ उठा बड़ा कदम है। तकनीक संबंधी सुविधाओं को जितनी जल्दी हो सके रोजमर्रा की जिंदगी में शामिल कर लेना उचित होता है। प्रधान न्यायाधीश निरंतर अदालती काम को लेकर ऐसी व्यवस्थाएं दे रहे हैं। उन्हें सुप्रीम कोर्ट जजों में सबसे ज्यादा फैसले लिखने का रुतबा प्राप्त है। छह वर्ष के भीतर 513 फैसले लिख चुके हैं। न्याय व्यवस्था को सुचारू और पारदर्शी बनाने के लिए समय-समय पर उन्होंने बड़े कदम उठाए हैं। विभिन्न फैसलों को उन्होंने क्षेत्रीय भाषा में अनुदित करवाने की व्यवस्था करके तथा हिन्दी, तमिल, उड़िया और गुजराती में फैसलों का अनुवाद करने के लिए समिति का गठन भी किया। देश में 48 करोड़ से अधिक व्हाट्सऐप प्रयोगकर्ता हैं, जो 2025 तक 80 करोड़ तक पहुंचने का अंदाजा है। हालांकि व्हाट्सऐप मेटा टेक्नॉलाजी कंपनी की सुविधा है, जिसके सीईओ मार्क जकरबर्ग हैं। किसी भारतीय संचार संस्थान को इस जरूरत को समझते हुए आगे कदम बढ़ाने की सख्त जरूरत है। सरकार, देश के अन्य बड़े संस्थान और गोपनीय दस्तावेज के लिए देसी तकनीक का प्रयोग किया जाना उचित है। तकनीक के मामले में हम दूसरों पर निर्भर होते जा रहे हैं। यह बड़ी चुनौती है। बावजूद इसके तकनीक का इस्तेमाल सुविधाओं के लिए करना वक्त की मांग है, इसके बिना काम नहीं चल सकता।*

## राशिफल

**मेष राशि-** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। स्वास्थ्य के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा। आज आपके बढ़ते खर्चे परेशानी का कारण बन सकते हैं इसीलिए बजट बनाकर चलने का प्रयास करें। किसी संपत्ति का सौदा जल्दबाजी में ना करें। राजनीति से जुड़े लोगों को आज किसी समारोह में भाग लेने का मौका मिलेगा।

**वृष राशि-**आज का दिन आपके लिए निश्चित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी योजनाओं को गति मिलेगी। आज नए लोगों से मुलाकात होगी, उनसे आपको कुछ अच्छा सीखने को मिलेगा। आज आपको बड़ों का साथ व सहयोग भरपूर मात्रा में मिलेगा।

**मिथुन राशि-**आज आपका दिन, आपके परिवार के लिए खुशियां लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद खास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए।

**कर्क राशि-**आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप एक से अधिक स्रोतों से आय प्राप्त करेंगे। आज निवेश संबंधी मामलों को गति मिलेगी। आज किसी अजनबी पर सोच समझकर भरोसा करें। प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आज आप आगे बढ़ेंगे। आज आपके दांपत्य जीवन में खुशहाली बढ़ेगी।

**सिंह राशि-**आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। ऑफिस के उच्चधिकारियों का सहयोग मिलने से आपका इम्पोर्टेन्ट काम बन जायेगा। पैसों के मामलों में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना चाहिए। आज जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा करने का प्लान कर सकते हैं।

**कन्या राशि-**आज के दिन आपको रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। आज आपके अच्छे व्यवहार से समाज में अच्छी पहचान बनेगी। आज आप घर पर डेकोरेशन का काम भी करवा सकते हैं। व्यापार में आज का दिन धन लाभ देने वाला है।

**तुला राशि-**आज आपका दिन बहुत बढ़िया रहने वाला हैं। आज दूसरों को जितना ज्यादा महत्व देंगे, आपको भी उतना ही महत्व मिलेगा। माईग्रेन की समस्या से आज आपको काफी राहत मिलेगी। पैतृक संपत्ति से धन लाभ मिलने के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक राशि-**आज आपका दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। जो लोग बेकरी का बिजनेस करते हैं, उन्हें आज उम्मीद से ज्यादा लाभ हो होगा। माताएं अपने बच्चों को कुछ नया सिखाएंगी, जिससे बच्चों में नए विचार आएंगे। शाम का समय खुशियों से भरा रहेगा। आज यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। अविवाहित जातकों को विवाह के लिए अच्छे रिश्ते आयेंगे। छात्रों को सफलता मिलने के योग बने हुए हैं।

**धनु राशि-**आज आपके दिन की शुरुआत आपके अनुकूल होने वाली है। आज आप ऑफिस में खूब मेहनत करेंगे। आपको कोई नयी जिम्मेदारी मिल सकती है। इस राशि के मनोरंजन उद्योग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन फायदेमंद होगा। आज परिवार के किसी सदस्य को बड़ी सफलता हासिल होगी। आपके घर में उत्सव का माहौल बना रहेगा। आज दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहने वाला है। छात्रों को सफलता मिलने के योग बने हुए हैं।

**मकर राशि-**आज आपका दिन खुशनुमा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में जो भी रुकावटें आएंगी, उनसे आप कुछ सीख सकते हैं। कारोबार में कुछ नया करने के लिए चल रहे प्रयास सफल होंगे। दूसरों की मदद करने से समाज में आपका मान सम्मान बढ़ेगा। ज़मीन जायजाद के मामले में लाभ मिलेगा।

**कुंभ राशि-**आज आपका दिन बढ़िया गुजरेगा। किसी काम को पूरा करने के लिए शॉर्टकट तरीके अपनाने से बचें। आज बिजनेस में बढ़ोतरी होगी। माताएं बच्चों को मोरल स्टोरी सुनाएंगी। काम को पूरा करने में मन लगायेंगे और कुछ क्रिएटिव 2श्हद्म करने का प्रयास करेंगे। आपके पुत्र के करियर से रिलेटेड कोई अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा है। जीवनसाथी आज आपके कार्यों में सहयोग करेंगे। बच्चे खेल-कूद में व्यस्त रहेंगे।

**मीन राशि-**आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज किसी के बहकावे में न आये और अपने काम के प्रति सतर्क रहें। आपके परिवार में नन्हें मेहमान आने के योग बन रहे हैं। आज आपके परिवार में खुशियों का माहौल बनेगा। आज आपको किसी महत्वपूर्ण चर्चा में शामिल होने का मौका मिलेगा, जिसमें आपकी सहभागिता अच्छी खासी रहेगी। कोई प्रिय मित्र आपसे किसी विशेष विषय को लेकर बातचीत कर सकता है।

# समूचा विश्व भयाक्रांत

- ललित गर्ग -

**शांति के तमाम उपायों के बीच दुनिया भर में सैन्य खर्च, शस्त्रीकरण एवं घातक हथियारों की होड़ खतरे की घंटी हैं। शस्त्रीकरण के भयावह दुष्परिणामों से समूचा विश्व भयाक्रांत है। हर पल आणविक हथियारों के प्रयोग को लेकर दुनिया डर के साये में जी रही है। इसीलिए आज अयुद्ध, निशस्त्रीकरण एवं शांति की आवाज चारों ओर से उठ रही हैं। शक्ति संतुलन के लिए शस्त्र-निर्माण एवं शस्त्र संग्रह की बात से किसी भी परिस्थिति में सहमत नहीं हुआ जा सकता क्योंकि इससे अपव्यय तो होता ही है, साथ ही गलत हथियारों के हाथों में पड़कर दुरुपयोग की आशंकाएं बढ़ जाती हैं।**

ताजा घटनाक्रम को देखें तो एक ओर रूस और यूक्रेन आमने-सामने हैं, दूसरी तरफ इस्त्राइल और ईरान के बीच तल्खी भी चरम पर है। चीन और ताइवान के बीच भी रह-रह कर युद्ध के बादल मंडरा रहे हैं। ऐसे माहौल में सवाल स्वाभाविक है कि क्या सचमुच दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ते हुए घातक हथियारों की प्रयोगभूमि बन रही है? सवाल और भी हैं। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की हथियारों पर ताजा रिपोर्ट ऐसे ही सवाल खड़े कर रही है। दुनिया सीधे-सीधे दो खेमों में बंट गई है। स्टॉकहोम की रिपोर्ट के आंकड़े चौंकाने वाले ही नहीं, डराने वाले भी हैं। शांति के तमाम उपायों के बीच दुनिया भर में सैन्य खर्च का बढ़ना एवं नये-नये हथियारों का बाजार गरम होना, चिंताजनक है।

रिपोर्ट में खास बात यह है कि दुनिया में सर्वाधिक सैन्य खर्च करने वाले देशों में भारत चौथे नंबर पर बरकरार है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश बन चुका है। रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है। भारत ने बीते पांच साल में दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार खरीदे। रिपोर्ट में बताया गया है कि यूरोप का हथियार आयात 2014-18 की तुलना में 2019-23 में लगभग दोगुना बढ़ा है, जिसके पीछे रूस-यूक्रेन युद्ध बड़ा कारण माना जा रहा है। इसके अलावा, पिछले पांच वर्षों में सबसे ज्यादा हथियार एशियाई देशों ने खरीदे। इस लिस्ट में रूस-यूक्रेन युद्ध ने देश के रक्षा निर्यात को काफी प्रभावित किया है। इस कारण पहली बार रूस हथियार निर्यात में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है तो अमेरिका पहले और फ्रांस दूसरे नम्बर पर हैं। पिछले 25 सालों में पहली बार अमेरिका एशिया और ओशिनिया का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता रहा।

अमेरिका की हथियारों की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। अब तो दुनिया के साथ-साथ अमेरिका स्वयं ही हथियारों एवं हिंसक मानसिकता का शिकार है। अमेरिका ने दुनिया पर आधिपत्य स्थापित करने एवं अपने शस्त्र कारोबार को पनपाने के लिए जिस अपसंस्कृति को दुनिया में फैलाया है, उससे पूरी मानवता पीड़ित है। अमेरिका ने नई विश्व व्यवस्था (न्यू वर्ल्ड ऑर्डर) की बात की है, खुलेपन की बात की है। लगता है कि 'विश्व मानव' का दम घुट रहा है, और घुटन से बाहर आना चाहता है। विडंबना देखिए, अमेरिका दुनिया का सबसे अधिक शक्तिशाली और सुरक्षित देश है, लेकिन उसके नागरिक सबसे अधिक असुरक्षित और भयभीत नागरिक हैं। वहां की जेलों में आज जितने कैदी हैं, दुनिया के किसी देश में नहीं हैं। कई वाकये हो चुके हैं कि किसी रेस्तरां, होटल या फिर जमावड़े पर अचानक किसी सिरफिरे ने गोलीबारी शुरू कर दी और बड़ी तादाद में लोगों को मार डाला। 2014 में अमेरिका में हत्या के दर्ज सवा चौदह हजार मामलों में अड़सठ फीसद मामलों में बंदूकों का इस्तेमाल किया गया था।

दरअसल, मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध एवं हथियारों की विभीषिका से मुक्ति दिलाना जरूरी है। युद्धरत देशों में शांति स्थापित कर, युद्ध-विराम करके विश्व को निर्भय बनाना चाहिए। निश्चय ही यह किसी एक या दूसरे देश की जीत नहीं, बल्कि समूची मानव-जाति की जीत होगी। यथार्थ यह है कि अंधकार प्रकाश की ओर चलता है, पर अंधापन मृत्यु-विनाश की ओर। रूस ने अपनी शक्ति एवं सामर्थ्य का अहसास गलत समय पर गलत उद्देश्य के लिए कराया है। युद्ध से तबाही रूस-यूक्रेन की नहीं, बल्कि समूची दुनिया की तबाही होगी, क्योंकि रूस परमाणु विस्फोट करने को विवश होगा जो दुनिया की बड़ी चिंता का सबब है। बड़े शक्तिसंपन्न देशों को युद्ध विराम के प्रयास करने चाहिए। लेकिन प्रश्न है कि जो देश हथियारों के निर्माता हैं, वे क्यों चाहेंगे कि युद्ध विराम हो। जब तक शक्तिसंपन्न देशों की शस्त्रों के निर्माण एवं निर्यात की भूख शांत नहीं होती तब तक युद्ध की आशंकाएं मैदान में, समुद्र में, आकाश में तैरती रहेंगी।

# फिर सिर उठाते आतंकी




इसमें संदेह नहीं कि पुंछ में वायुसेना के काफिले पर आतंकी हमले का एक मकसद अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट पर मतदान से पहले माहौल बिगाड़ने की कोशिश होगी और इसके पीछे पाकिस्तान का हाथ होगा। इस हमले में एक जवान बलिदान हुआ और पांच घायल हो गए। आतंकियों की तलाश में सघन अभियान जारी है, लेकिन न केवल यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि उन्हें खोजकर ठिकाने लगाया जाए, बल्कि यह भी कि इस तरह के हमलों की उनकी क्षमता का दमन किया जाए। इसकी भरी-पूरी आशंका है कि चुनावों के चलते पाकिस्तान के इशारे पर जम्मू-कश्मीर में आने वाले दिनों में भी आतंकी इसी तरह के हमले करने की वैसी ही कोशिश कर सकते हैं, जैसी उन्होंने पिछले लोकसभा चुनावों के ठीक पहले पुलवामा में की थी। इस आशंका का एक बड़ा कारण राजौरी-पुंछ क्षेत्र की पीर-पंजाल पर्वतमाला में आतंकियों की सक्रियता है। इस इलाके में पिछले एक वर्ष में सेना के काफिलों पर कई आतंकी हमले हो चुके हैं। इन हमलों में लगभग 20 सैन्य अफसरों और जवानों को अपना सर्वोच्च बलिदान देना पड़ा है। यह एक बड़ी क्षति है। पुंछ-राजौरी इलाके में आतंकी हमलों का सिलसिला तभी बंद होगा, जब पीर-पंजाल की पहाड़ियों में ठिकाना बनाने वाले आतंकियों और उनकी मदद करने वाले स्थानीय लोगों पर सख्ती की जाएगी। इसके साथ ही यह भी देखना होगा कि सीमा पार से आतंकी पीर-पंजाल की दुर्गम पहाड़ियों में छिपने और फिर सुरक्षा बलों पर हमला कर सुरक्षित बच निकलने में सफल न होने पाएं। यह ठीक नहीं कि वे बचकर निकल जाते हैं।

# अनुकूल मौसम में हों चुनाव, जब भी मई-जून में चुनाव होंगे, तब मौसम संबंधी समस्याएं रहेंगी



**भारत में गर्मी के दौरान मौसम की यह स्थिति तनिक भी असामान्य नहीं है। उत्तरी मैदानी इलाकों दक्षिणी प्रायद्वीपीय तथा तटीय क्षेत्रों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला जाता है यहां तक कि कुछ स्थानों पर यह 45 डिग्री सेल्सियस से भी ऊपर रहता है। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि भविष्य में जब भी मई-जून में मतदान होगा तब भी मौसम संबंधी यही समस्याएं रहेंगी।**

यह आम चुनावों का समय है। अनेक कारणों से यह अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर है। भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र है और इस बार 96.88 करोड़ नागरिकों के पास मताधिकार है। प्रत्येक वोट, चाहे वह किसी भी उम्मीदवार के लिए हो, लोकतंत्र के पक्ष में भी एक वोट है। पूरे विश्व में, बड़ी संख्या में लोकतांत्रिक देशों में चुनाव हो रहे हैं और उनमें से प्रत्येक का परिणाम विभिन्न वैश्विक घटनाओं को अलग-अलग ढंग से प्रभावित करेगा, लेकिन भारत के चुनाव ही लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सबसे अधिक योगदान देंगे। इसलिए यह समय की मांग है कि चुनावों में अधिकतम सहभागिता को यथासंभव सुनिश्चित किया जाए। मतदाताओं तक पहुंचने और दूर-दराज के स्थानों में मतदान की व्यवस्था करने हेतु हरसंभव प्रयास करने के लिए भारत के निर्वाचन आयोग की सराहना की जानी चाहिए। इनमें से कुछ क्षेत्रों तक पहुंचना मुश्किल भी है।

# सेवा के इंतजार में नेताजी, चुनाव से पहले लगते थे जिंदाबाद-जिंदाबाद के नारे, आज सन्नाटा पसरा



जहां चुनाव से पहले जिंदाबाद-जिंदाबाद के नारे गूंजा करते थे, वहां आज सन्नाटा पसरा है। जहां कार्यकर्ताओं की फौज राजनीतिक गर्मी में मस्त रहती थी, वहां आज सब पस्त दिख रहे हैं। खबर मिलने तक नेताजी का टिकट कट चुका था और वह भारी मन से इंटरव्यू देने जा रहे थे। इंटरव्यू लेने वाले पत्रकार का चैनल और हौसला, दोनों नए थे। उसने बड़े ही बुलंद आवाज में नेताजी से पूछा, आपने वर्षों पार्टी की सेवा की, लेकिन पार्टी ने आपका टिकट काट दिया। फिर भी आप मुस्कुरा रहे हैं, कैसे? नेताजी ने अपनी मुस्कान को थोड़ा विस्तृत किया और कहा, यही तो साधना है जी। मैंने भले ही जनता का कोई काम टाइम से नहीं किया, लेकिन हर टाइम मुस्कुराने का काम किया है। पत्रकार चौंका, तो आपकी इस रहस्यमयी मुस्कान का रहस्य क्या है, देश जानना चाहता है? देखिए, नेता के चेहरे से उसकी जनता मुस्कुराती है। और जब नेता के चेहरे से जनता मुस्कुराती है तो हमारा यह लोकतंत्र मुस्कुराता है।

## तस्वीरों की दुनिया




केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा नेता अमित शाह ने सत्य साई जिले में चल रहे लोकसभा चुनावों के बीच एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित किया.



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बदांयू में पार्टी प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य के समर्थन में रोड शो किया.



सुजापुर में चल रहे लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित किया.



कांग्रेस नेता राहुल गांधी आदिलाबाद में चल रहे लोकसभा चुनावों के बीच एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए।



लोकसभा चुनाव के बीच गया में पूर्व सांसद और निर्दलीय प्रत्याशी राजेश रंजन (पप्पू यादव) ने आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर से मुलाकात की।



नई दिल्ली में कार्यालय का कार्यभार संभालने के लिए आयोजित एक समारोह के दौरान नवनियुक्त दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डीपीसीसी) के अंतरिम अध्यक्ष देवेन्द्र यादव पार्टी नेताओं अजय माकन और सुभाष चोपड़ा के साथ।



असम प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष और गुवाहाटी निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार मीरा बोरठाकुर गोस्वामी, गुवाहाटी में चल रहे लोकसभा चुनावों के बीच एक रोड शो के दौरान।

# अरुण रेड्डी के लैपटॉप व मोबाइल का डेटा रिकवर करेगी पुलिस, डिवाइस की हो रही फॉरेंसिक जांच

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के फेक वीडियो मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल द्वारा गिरफ्तार किए गए कांग्रेस नेता अरुण बी रेड्डी तीन दिन के लिए पुलिस रिमांड पर हैं। पुलिस पूछताछ में जानने की कोशिश कर रही है कि वीडियो किसने और कब बनाया था। फेक वीडियो एक्स पर पोस्ट करने के पीछे मकसद क्या था? रेड्डी से बरामद मोबाइल और लैपटॉप की जांच की जा रही है।जांच में सामने आया कि कांग्रेस की सोशल मीडिया टीम के राष्ट्रीय समन्वयक अरुण बी रेड्डी ने गिरफ्तार होने से पहले अपने लैपटॉप और मोबाइल का डाटा डिलीट कर दिया था। स्पेशल सेल उसके मोबाइल और लैपटॉप का डाटा रिकवर करने का प्रयास कर रही है, ताकि पता चल सके कि फेक वीडियो उसने खुद से



बनाया था या उसके किसी अन्य साथी ने बनाया और उसे भेजा। आरोपित के फोन और लैपटॉप को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है।रेड्डी की कॉल डिटेल और लोकेशन भी निकाली जा रही है, जिससे पता लगाया जाएगा कि फेक वीडियो को पोस्ट करने से पहले आरोपित किस-किस के संपर्क में था।तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव से पहले एक फेक वीडियो के माध्यम से भाजपा को एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण का विरोधी साबित करने की कोशिश की गई। फेक वीडियो में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को आरक्षण को असंवैधानिक बताते हुए उसे खत्म करने का एलान करते दिखाया गया था, जबकि असली वीडियो में शाह एसटी, एससी और ओबीसी आरक्षण को बनाए रखने की बात कह रहे हैं। सोशल मीडिया पर गृह मंत्री का फेक वीडियो प्रसारित होने का मामला संज्ञान में आने के बाद गृह मंत्रालय ने 28 अप्रैल को आईएफएसओ को शिकायत दी थी, जिसके बाद पुलिस तुरंत जांच में जुट गई थी।

# अफगान राजनयिक ने शरीर में छिपाया था 25 किलो सोना, मुंबई एयरपोर्ट पर डीआरआई ने किया जब्त

**मुंबई।** एक रोज पूर्व अपने इस्तीफे का एलान करने वाली वरिष्ठ अफगान राजनयिक जाकिया वारदक अपने शरीर में छिपाकर 18.60 करोड़ की कीमत का 25 किलोग्राम सोना दुबई से भारत लाई थीं। एक-एक किलो वजन वाली छड़ों के रूप में यह सोना जैकेट, लेगिंग, नी कैप, बेल्ट आदि में छिपाया गया था।मुंबई एयरपोर्ट पर जब महिला अधिकारी शारीरिक जांच के लिए वारदक को कैबिन में ले गईं तो यह सारा मामला सामने आया। इसके बाद सोने को राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआइ) ने जब्त कर लिया था। डीआरआइ के एक सूत्र ने बताया कि अप्रैल के आखिरी दिनों में हुई इस घटना में सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के तहत सोने की तस्करी का मामला दर्ज किया गया है। वारदक के राजनयिक होने के चलते उनकी गिरफ्तारी नहीं हो पाई थी।कानून के तहत यदि तस्करी किए गए सोने की कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक होती है तो आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाता है और उस पर आपराधिक मुकदमा चलाया जाता है। डीआरआइ के एक अधिकारी ने कहा कि हमें सूत्रों से वारदक के बारे में विशेष जानकारी मिली थी। इसके बाद हवाईअड्डे पर जांच के लिए लगभग एक दर्जन कर्मियों को तैनात किया गया था।58 वर्षीय वारदक अपने बेटे के साथ अमीरात की फ्लाइट से दुबई से मुंबई पहुंची। दोनों ने हवाई अड्डे से बाहर निकलने के लिए ग्रीन चैनल का इस्तेमाल किया, जोकि यह दर्शाता है उनके पास कोई ऐसा सामान नहीं है जिसे सीमा शुल्क में घोषित करने की आवश्यकता थी। जब वे हवाई अड्डे से बाहर की निकलने की ओर जा रहे थे तो हमने उन्हें रोका।अधिकारी ने कहा कि दोनों यात्रियों के पास पांच ट्राली बैग, एक हैंड बैग, एक स्लिंग बैग था। उनके सामान पर कोई टैग या निशान नहीं था जोकि उनकी राजनयिक पहचान को दर्शाए। सूत्रों ने कहा कि डीआरआइ अधिकारियों ने यात्रियों से पूछा कि क्या वे अपने साथ कोई कस्टम ड्यूटी ड्यूटी वाला सामान या सोना ले जा रहे हैं तो उन्होंने नहीं में जवाब दिया।जब उनके बैगों की जांच की गई और उसमें कुछ नहीं मिला। इसके बाद एक महिला अधिकारी शारीरिक जांच के लिए वारदक को एक अलग कमरे में गई और उनकी तलाशी ली। इस दौरान उनकी जैकेट, लेगिंग, बेल्ट में छिपाकर लाई गई सोने की 25 छड़े बरामद की गईं। प्रत्येक का वजन एक किलो था और यह 24 कैरेट की थी। शारीरिक जांच के दौरान वारदक के बेटे से कुछ नहीं मिला। अधिकारी ने यह भी कहा कि जब हमने वारदक से इस सोने के संबंध में दस्तावेज मांगे तों वह कुछ भी पेश नहीं कर सकीं।इसके बाद पंचनामे की कार्रवाई कर सोने की छड़ें, जैकेट, बेल्ट को जब्त कर लिया गया और उसके बाद ही वारदक को जाने दिया गया। बता दें कि मुंबई में अफगानिस्तान की महावाणिज्य दूत होने के साथ-साथ वारदक दिल्ली स्थित अफगान दूतावास का भी कामकाज संभाल रहीं थीं। उधर, इस संबंध में रिपोर्टर ने मामले में वारदक का पक्ष जानने के लिए उन्हें मेल भी भेजा लेकिन समाचार लिखे जाने तक उसका कोई जवाब नहीं मिला था।



# माकपा ने एआई की मदद से जारी किया बुद्धदेव भट्टाचार्य का वीडियो संदेश, कहा- बंगाल बना भ्रष्टाचार का अखाड़ा



**कोलकाता।** वाममोर्चा की अगुआई करने वाली माकपा ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) की मदद से बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री व पार्टी के वयोवृद्ध नेता बुद्धदेव भट्टाचार्य का एक वीडियो संदेश जारी किया है। इसमें बुद्धदेव भट्टाचार्य माकपा नेताओं व कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाते हुए कह रहे हैं कि यह लड़ाई लड़नी होगी और हर हाल में जीतनी होगी।मालूम हो कि बुद्धदेव भट्टाचार्य वर्तमान में राजनीति में सक्रिय नहीं हैं। वह काफी समय से अस्वस्थ हैं और घर में आराम कर रहे हैं। बुद्धदेव फिलहाल कुछ कहने की भी स्थिति में नहीं हैं। ऐसे में माकपा ने एआइ की मदद से बुद्धदेव भट्टाचार्य को दर्शाया है। दो मिनट छह सेकेंड के वीडियो संदेश में बुद्धदेव सफेद दाढ़ी में सफेद रंग का कुर्ता पहने दिख रहे हैं।वीडियो में वह कह रहे हैं- वर्तमान में देश-दुनिया में व्याप्त कठिन परिस्थितियों में ठीक रह पाना हम सभी के लिए बेहद मुश्किल है। तृणमूल कांग्रेस ने संदेशखाली में जो किया है, उसे माफ नहीं किया जा सकता। महिलाओं का सम्मान नहीं हो रहा। बंगाल भ्रष्टाचार का अखाड़ा बन गया है। वाममोर्चा ने अपने शासन में राज्य को सजाया था। हमने उद्योगों की स्थापना व कृषि का विकास, दोनों बातें कही थी। युवाओं को नौकरी देने की बात कही थी। बुद्धदेव केंद्र पर निशाना साधते हुए कह रहे हैं कि वहां दंगाबाज व भ्रष्ट भाजपा बैठी हुई है। नोटबंदी से लेकर चुनावी बांड तक के जरिए भ्रष्टाचार हुआ है। रोजमर्रा की जरुरत की चीजों के दाम आसमान पर रहे हैं। तृणमूल के शासनकाल में भाजपा को बंगाल में बढ़ावा मिला। नरेन्द्र मोदी व ममता बनर्जी को हमारे देश व राज्य को बर्बाद करने का अवसर न दें।

## स्वास्थ्य कारणों से शरद पवार के आज के सभी कार्यक्रम रद्द रैली को संबोधित करते हुए अचानक गले में हुई दिक्कत

**पुणे।** राकांपा (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार ने स्वास्थ्य कारणों से अपने सोमवार के कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। पार्टी की पुणे इकाई के अध्यक्ष प्रशांत जगताप ने रविवार को जारी एक बयान में बताया कि जब वह दिन में अपनी बेटी और मौजूदा सांसद सुप्रिया सुले के समर्थन में बारामती में एक रैली को संबोधित कर रहे थे, उस समय उन्हें गले में कुछ परेशानी हुई थी।उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य कारणों के चलते सोमवार को होने वाली राजनीतिक रैलियों समेत उनके सभी कार्यक्रमों को रद्द कर दिया गया है। वह बारामती स्थित अपने घर पर आराम कर रहे हैं। बारामती लोकसभा सीट पर उनकी बेटी सुप्रिया सुले का मुकाबला उनके भतीजे और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजीत पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार से है।



# देवर ने सो रही भाभी के कनपटी पर मारी गोली, डायन का आरोप लगाकर अक्सर देता था जान से मारने की धमकी

**रामपुर हरि।** बिहार के मुजफ्फरपुर में रामपुर हरि थाना क्षेत्र की परमजीवर पंचायत के भवानीपुर गांव में शनिवार की देर रात डायन का आरोप लगा महिला की गोली मारकर हत्या उसके देवर ने ही कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपित भाग निकलने में कामयाब रहा। पुलिस ने मामले में मृतका की सास को गिरफ्तार कर लिया है।घटना के संबंध में बताया जाता है कि डायन का आरोप लगाते हुए देवर ने घर में सो रही भाभी के कान में गोली मार दी, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो



गई।मृतका के पति रामईश्वर सहनी ने बताया कि रात्रि में पत्नी गीता देवी (39 वर्ष) व दो बच्चों के साथ सो रहे थे। तभी गोली चलने की आवाज सुनाई दी। नींद से उठकर देखा तो पत्नी गीता खून से लथपथ बिछावन पर मृत पड़ी थी।राम ईश्वर सहनी ने बताया कि जबतक मैं चीखते-चिल्लाते बाहर आया, तभी आरोपित बाइक पर सवार होकर भाग निकला। आसपास के जुटे लोगों ने स्थानीय थाने को घटना की सूचना दी।दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे थाना प्रभारी ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया। घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया गया है।राम ईश्वर ने बताया कि उसकी मां जानकी देवी और भाई संतोष सहनी पूर्व से डायन का आरोप लगा रहे थे। पत्नी को जान से मार डालने की धमकी दे रहे थे। इस बीच शनिवार की देर रात पत्नी के कान में गोली मार दी और फरार हो गया।मृतका के चार बच्चे हैं, जिनमें सुमन कुमारी (नौ वर्ष), अंकिता कुमारी (छह वर्ष), दीपक कुमार (तीन वर्ष) और सृष्टि कुमारी (सात माह) शामिल हैं। राम ईश्वर स्वयं नल-जल का मजदूर है। ग्रामीणों ने बताया कि सात महीने की दुधमुंही बच्ची मां के लिए लगातार रो रही है। घर में मातम पसरा है।

## इलाज कराने के एक महीने बाद घर लौटा छात्र सहपाठियों ने पीटा और पीछे घुसा दिया था डंडा

**नई दिल्ली।** वसुंधरा एन्क्लेव के एक निजी स्कूल में हैवानियत का शिकार हुआ कक्षा आठ का छात्र इलाज के एक महीने बाद अस्पताल से घर लौट आया है। 18 मार्च को छात्र का उसके तीन सहपाठियों ने यौन उत्पीड़न किया था। उत्पीड़न के अलावा उन्होंने छात्र की पिटाई भी की थी।छात्र की मां ने बताया कि उन्होंने मेरे बेटे की पिटाई की, उसके कपड़े उतार दिए और उसे डंडे से पीटा। बाद में डंडा उसके शरीर में पीछे डाल दिया था, जिससे उसकी आंतें क्षतिग्रस्त हो गईं। मां ने कहा कि एक सप्ताह तक छात्र ने कुछ नहीं बताया था।

# भाजपा दरवाजे खोले तो भी वापस नहीं जाऊंगा, उद्धव ठाकरे ने कहा- बीजेपी जीती तो भारत के साथ चीन में भी छूटेंगे पटाखे

**अलीबाग।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि अगर भाजपा उनके लिए अपने दरवाजे खोल भी दे, वह अपने पूर्व सहयोगी दल के पास नहीं लौटेंगे। उन्होंने भाजपा पर 2022 में विश्वासघात करके उनकी सरकार को गिराने का आरोप लगाया है।लेकिन इसके साथ ही ठाकरे यह कहने से भी नहीं चूके कि अगर जनता मोदी सरकार के दस साल के कामकाज से खुश है तो वह उनके लिए चुनाव प्रचार करने को तैयार हैं। हालांकि मोदी ने अभी तक लोगों को सिर्फ पीड़ा



पहुंचाई है।महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के अलीबाग में रविवार को एक रैली को संबोधित करते हुए ठाकरे ने दावा किया कि अगर लोकसभा चुनाव में भाजपा जीती तो भारत के साथ-साथ चीन में भी पटाखे छूटेंगे क्योंकि नई दिल्ली में एक कमजोर सरकार होगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस बयान की भी निंदा की जिसमें उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को भारत का अगला प्रधानमंत्री बनाने के लिए उत्सुक है।ठाकरे ने कहा कि उनके पूर्व सहयोगी दल चुनाव के दौरान पाकिस्तान का नाम लेकर लोगों को डराना चाहते हैं। पुंछ में हुए आतंकी हमले का जिक्र करते हुए ठाकरे ने कहा कि प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह वहां नहीं जाएंगे, बल्कि उन्हें बर्बाद करने के लिए महाराष्ट्र आएंगे।उल्लेखनीय है कि शनिवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में वायुसेना के काफिले पर हुए आतंकी हमले में एक सैनिक शहीद हो गया और चार अन्य घायल हो गए थे। उन्होंने भाजपा की 400 सीट के दावे पर कहा कि उनके आत्मविश्वास बढ़ता जा रहा है और भूख नहीं मिट रही है। भाजपा प्रचंड बहुमत के बाद संविधान को बदलना चाहती है।

# हरियाणा में नामांकन का अंतिम दिन आज, पूर्व सीएम मनोहर लाल सहित ये दिग्गज करेंगे पर्चा दाखिल



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल समेत बाकी बचे हुए सभी लोकसभा उम्मीदवार सोमवार को अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। सोमवार को लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन भरने का अंतिम दिन है। शनिवार तक राज्य की 10 लोकसभा सीटों के लिए 211 उम्मीदवारों ने नामांकन भरे हैं। रविवार को अवकाश होने की वजह से नामांकन नहीं हो पाए। इसलिए सोमवार को सभी जिला निर्वाचन कार्यालयों में नामांकन के लिए जोर रहने वाला है।सबसे कम हिसार लोकसभा क्षेत्र में और सबसे अधिक कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में नामांकन हुए हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करनाल विधानसभा सीट से उपचुनाव लड़ रहे हैं। उनके नामांकन में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल (स्ड्ढठ्ठश्द्धड्डद्ध स्ड्डद्य) शामिल होंगे। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्वयं करनाल लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। उनके नामांकन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और निर्वतमान सांसद संजय भाटिया रहने वाले हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर सोमवार को फरीदाबाद लोकसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।हिसार से पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस उम्मीदवार जय प्रकाश जेपी (छ्वड्डद्य क्कह्म्ड्डद्मड्डह्यद्ध) अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा (क्चद्धह्वश्चद्गठ्ठस्रह्म्ड्ड स्द्बठ्ठद्दद्ध ॥शश्रस्रड्ड) उनका नामांकन कराएंगे। हिसार में ही जेजेपी उम्मीदवार नैना सिंह चौटाला अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। उनके नामांकन के दौरान जेजेपी के अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला और जेजेपी के प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला शामिल रहेंगे।मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अभी तक 211 उम्मीदवारों के एफीडेविट आ चुके हैं, जबकि चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की संख्या 168 है। कई उम्मीदवार ऐसे भी हैं, जिन्होंने एक से अधिक एफिडेविट जमा कराए हैं।

## शादी का रिश्ता टूटा तो लड़के ने खोया आपा लड़की के भाई का चाकू से काट दिया गुप्तांग



**मऊ।** लड़की के पहनावे से नाराज होकर उसे तमाचा मारा तो पहले से तय शादी स्वजन ने तोड़ दी। लड़की ने फोन उठाना बंद कर दिया। इससे बौखलाए घोसी कोतवाली के खानपुर बुजुर्ग निवासी भरत यादव ने परिवार को सबक सिखाने की मंशा से लड़की के भाई का गुप्तांग ही काट दिया।25 अप्रैल को कोपागंज क्षेत्र के देवकली विशुनपुर गांव में हुई इस घटना में पकड़े गए आरोपितों की स्वीकारोक्ति से इस करतूत का पता चला। रविवार को आरोपितों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक महेश सिंह अत्रि ने पत्रकारों को जानकारी दी।उन्होंने बताया कि भरत गत 25 अप्रैल को अपने गांव के ही अंकित यादव के साथ देवकली विशुनपुर पहुंचा और लड़की के भाई को कोल्ड ड्रिंक पिलाने के बहाने अकेले में ले जाकर दोनों ने उसे पशुओं को लगने वाला इंजेक्शन लगा दिया और उसका मुंह दबा कर गुप्तांग काट दिया। घायल किशोर की हालत अब भी गंभीर है।

## अमरनाथ धाम तीर्थयात्रा 29 जून से शुरू, दो लाख से अधिक श्रद्धालु कर चुके पंजीकरण



**जम्मू।** श्री बाबा अमरनाथ धाम की तीर्थयात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए खुशखबरी है। पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी विराजमान हो गए हैं। पवित्र गुफा के चारों ओर बर्फ जमी है। आसपास की पहाड़ियां भी बर्फ से चांदी की तरह चमक रही हैं। प्राकृतिक सौंदर्य के बीच श्रद्धालु अपने इष्ट भगवान अमरेश्वर के दर्शन कर सुखद अहसास करेंगे।बाबा बर्फानी को ही बाबा अमरनाथ और भगवान अमरेश्वर नाम से पुकारा जाता है। इस वर्ष तीर्थयात्रा 29 जून से शुरू हो रही है जो 19 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन संपन्न होगी। तीर्थयात्रा के लिए अग्रिम पंजीकरण 15 अप्रैल से शुरू हो चुके हैं। अब तक दो लाख से अधिक श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं। पिछले वर्ष की तरह इस बार भी पवित्र गुफा से आरती का लाइव प्रसारण होगा। इस बार दोनों मार्गों पर करीब 125 लंगर लगेंगे।यात्रा मार्ग पर मिलने वाली सुविधाओं के दाम जल्द तय हो जाएंगे। पवित्र गुफा के पास के क्षेत्र में तीर्थयात्रा के दोनों मार्गों पर वर्तमान में बर्फ जमी हुई है। प्रशासन बर्फ हटाने का कार्य तेजी से चला रहा है। जून के पहले सप्ताह से यात्रा मार्गों को साफ करने के काम में और अधिक तेजी लाई जाएगी। तीर्थयात्रा के लिए वर्तमान में ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यम से अग्रिम पंजीकरण की प्रक्रिया जारी है। तीर्थयात्रा के दोनों मार्गों पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए टेंडर निकालने की प्रक्रिया भी जारी है।

# शोपियां में आतंकियों के दो मददगार गिरफ्तार भारी मात्रा में हथियार बरामदः मामला दर्ज

**जम्मू।** कश्मीर में संसदीय चुनाव से पहले आतंकी अपनी गतिविधियां बढ़ाने का षड्यंत्र रच रहे हैं, लेकिन सुरक्षाबलों के जवान आतंकियों के षड्यंत्र को विफल बनाने के लिए पूरी तरह से सतर्क हैं। सुरक्षाबलों ने रविवार को दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के अलूरा इमाम साहिब इलाके से आतंकियों के दो मददगारों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से हथियार, गोला बारूद, ग्रेनेड और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है।दोनों मददगार अमीर अहमद मीर पुत्र जहूर अहमद मीर और जफर आजाद पुत्र आजाद हुसैन गनेई निवासी मंडुजियान के रहने वाले हैं। पुलिस ने एक पुख्ता सूचना मिलने पर सेना की 34 आरआर और सीआरपीएफ की 178 बटालियन की मदद से शोपियां के ग्राम अलूरा इमाम साहिब क्षेत्र में एक चेक प्वाइंट स्थापित किया। चेकिंग के दौरान सुरक्षाबल के जवानों ने आतंकियों के दो मददगारों को गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए जब आरोपियों की तलाशी ली गई तो उनके कब्जे से एक पिस्तौल के साथ एक मैगजीन, आठ राउंड और दो चीनी ग्रेनेड और अन्य आपत्तिजनक सामग्री सहित हथियार और गोला बारूद बरामद हुआ। दोनों के खिलाफ पुलिस स्टेशन इमाम साहिब में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।



## पुतिन ने नए कार्यकाल की इस दिन होगी शुरुआत, रूस पर टिकीं दुनिया की नजरें

**मास्को।** रूस के नेता के रूप में व्लादिमीर पुतिन मंगलवार को असाधारण शक्ति वाले राष्ट्रपति के रूप में एक और छह साल का कार्यकाल शुरू करेंगे। पुतिन अगले कार्यकाल में क्या करेंगे, इस पर देश और विदेश दोनों की नजर है।सिरैक्यूज विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और द कोड आफ पुतिनिज्म के लेखक ब्रायन टेलर ने कहा कि यूक्रेन में युद्ध उनकी वर्तमान राजनीतिक परियोजना के केंद्र में है और मुझे ऐसा कुछ नहीं दिख रहा है, जिससे लगे कि इसमें बदलाव आएगा। यह बाकी सब चीजों को प्रभावित करता है। जैसे कौन से संसाधन उपलब्ध हैं।उन्होंने कहा कि यदि युद्ध किसी भी पक्ष की पूर्ण हार से कम में समाप्त होता है और रूस पहले से कब्जा किए कुछ क्षेत्रों को बरकरार रखता है, तो यूरोपीय देशों को डर है कि पुतिन को बाल्टिक या पोलैंड में सैन्य कार्रवाई के लिए प्रोत्साहित करेगा।



# दो वर्षों में होम लोन का बकाया 10 लाख करोड़ बढ़ा, क्या कोरोना है वजह?

**नई दिल्ली।** पिछले दो वित्त वर्ष में होम लोन का बकाया लगभग 10 लाख करोड़ रुपये बढ़कर इस साल मार्च में रिकार्ड 27.23 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। बैंकिंग और रियल एस्टेट क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने बताया कि कोविड महामारी के बाद आवासीय संपत्ति बाजार में दबी मांग सामने आने के चलते आवास ऋण बकाया में वृद्धि हुई। आरबीआई के बैंक ऋण के क्षेत्रवार वितरण आंकड़ों के मुताबिक, मार्च 2023 में होम लोन का बकाया 19,88,521 करोड़ रुपये और मार्च, 2022 में 17,26,697 करोड़ रुपये था। मार्च, 2024 में वाणिज्यिक अचल संपत्ति का बकाया कर्ज 4,48,145 करोड़ रुपये था। मार्च 2022 में यह 2,97,231 करोड़ रुपये था। आंकड़ों से यह भी पता चला कि वाणिज्यिक अचल संपत्ति के लिए बकाया ऋण मार्च 2024 में 4,48,145 करोड़ रुपये था। यह मार्च, 2022 में 2,97,231 करोड़ रुपये था।विभिन्न संपत्ति सलाहकारों की रिपोर्ट के अनुसार पिछले दो वित्त वर्षों में घरों की बिक्री और कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र सीमेंट और स्टील सहित 200 से अधिक उद्योगों का समर्थन करता है और कम बिक्री और स्थिर कीमतों के कारण पिछले एक दशक से अधिक समय तक सुस्त रहने के बाद 2022 से इसमें मजबूत मांगी देखी जा रही है।इस क्षेत्र को नए रियल्टी कानून रेरा, जीएसटी और नोटबंदी के कारण पैदा हुए व्यवधानों के अलावा क्षेत्र में विश्वास की कमी का सामना करना पड़ा, क्योंकि कई डेवलपर्स ने ग्राहकों से पैसे लेने के बाद उन्हें घर नहीं दिए। हालांकि, इस क्षेत्र ने कोरोना के बाद वापसी की, क्योंकि महामारी ने घर के स्वामित्व के महत्व पर एक बार फिर से जोर दिया।बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस का कहना है कि आवास ऋण में उच्च वृद्धि आवासीय क्षेत्र के सभी खंडों में तेजी के चलते है। विशेष रूप से किफायती आवास खंड में सरकार के प्रयासों के कारण तेजी देखी गई है। आवास ऋण की वृद्धि मजबूत बनी रहेगी, लेकिन उच्च आधार के कारण यह घटकर 15-20 प्रतिशत रह सकती है।रियल एस्टेट विश्लेषण कंपनी प्रॉपइक्विटी के एमडी और सीईओ समीर जसूजा ने कहा, बकाया आवास ऋणों में वृद्धि मुख्य रूप से पिछले दो वित्त वर्षों में पेश की गई और बेची गई संपत्तियों की मात्रा में उल्लेखनीय वृद्धि के कारण है। वित्त वर्ष 2020-21 से पहली श्रेणी के शहरों में 50-100 प्रतिशत के बीच मूल्य वृद्धि देखी गई है। इसके चलते प्रति संपत्ति औसत ऋण आकार में वृद्धि हुई। आवास ऋण खंड में तेजी बनी रहेगी, क्योंकि आवासीय रियल एस्टेट की मांग मजबूत है।



## बैकलेस आउटफिट पहन अवनीत कौर ने शेयर किया हॉट लुक, तस्वीरें देख फैंस के उड़े होश

एक्ट्रेस अवनीत कौर हमेशा अपने ग्लैमरस लुक्स और स्टाइलिश ड्रेसिंग सेंस के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा करती हैं तो फैंस अक्सर उनके लुक्स पर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने स्टनिंग फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर कर लोगों का ध्यान उनकी ओर खींच लिया है।

टिकू वेड्स शेरू से बॉलीवुड इंडस्ट्री में डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस अवनीत कौर ने बेहद कम उम्र में लोगों के बीच अपनी पहचान बनाई है।

एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर अपलोड करती हैं तो फैंस अक्सर उनके हर एक लुक पर अपना दिल हार जाते हैं।

हाल ही में एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों से एक बार फिर फैंस को हैरान कर दिया है। लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान एक्ट्रेस अवनीत कौर ने कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक स्टनिंग लुक में पोज देते हुए हॉट फोटोज क्लिक करवाई हैं। बता दें कि एक्ट्रेस अवनीत कौर जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो अक्सर सोशल मीडिया पर बवाल मच जाता है।

इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं अवनीत कौर ने व्हाइट कलर की बैकलेस ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो काफी स्टनिंग पोज देती हुई नजर आ रही हैं। बालों को स्टाइल कर के और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। अवनीत कौर की इन तस्वीरों को शेयर हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक 2 लाख स भी ज्यादा यूजर्स ने फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स कर रहे हैं।



## करियर से संतुष्ट हूं, लेकिन मुझे अभी एक लंबा रास्ता तय करना है: अलाया एफ

2020 में अपने करियर शुरुआत के बाद से, अलाया एफ ने कई बड़े बजट की फिल्मों में अलग-अलग किरदार निभाए हैं।

अभिनेत्री ने बताया कि कैसे कुछ फिल्में ऐसी होती हैं, जो उन्हें कड़ी मेहनत के बाद मिलती है और कुछ उनके भाग्य से मिलती हैं।

अलाया ने कहा, हां, मैं अलग-अलग चीजें करने की कोशिश करती हूं, लेकिन मुझे लगता है कि मुझे हर तरह की फिल्में ऑफर होती हैं। उसमें कुछ फिल्में ऐसी होती हैं जिनके लिए मैं बहुत मेहनत करती हूं और कुछ फिल्में पूरी तरह से भाग्य पर निर्भर होती हैं। यह हर चीज का मिश्रण है।

एक्ट्रेस ने कहा, मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मुझे अलग-अलग भूमिकाएं मिलीं और मुझे उम्मीद है कि यह जारी रहेगी।

एक्ट्रेस पूजा बेदी की बेटी अलाया ने सैफ अली खान स्टारर फिल्म जवानी जानेमन से डेब्यू किया था। इसके बाद उन्हें साइकोलॉजिकल थ्रिलर फ्रेडी, ऑलमोस्ट प्यार विद डीजे मोहब्बत और बड़े मियां, छोटे मियां में देखा गया। वह जल्द ही श्री में नजर आएंगी।

जब उनसे पूछा गया कि बड़ी फिल्में उनके पास आ रही हैं, क्या उन्हें लगता है कि उन्होंने अपने करियर में खास मुकाम हासिल कर लिया है? एक्ट्रेस ने जवाब देते हुए कहा, मुझे नहीं लगता कि कोई भी एक्टर यह कहेगा, हां, मैंने इसे बनाया है। मैं अपने करियर से संतुष्ट हूं, लेकिन मुझे अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना है। मैं आगे बढ़ रही हूं और मुझे नहीं लगता कि यह कभी खत्म होगा। मुझे लगता है कि मैं हर दिन अपना बेस्ट दे रही हूं और उम्मीद करती हूं कि लोगों को यह पसंद आएगा।



# क्या घरेलू नुस्खों से बढ़ा सकते हैं स्टैमिना यकीन ना हो तो खुद आजमा लीजिए



थोड़ा सा काम करके भी थक जाते हैं, सीढ़ियों से चढ़ने-उतरने में सांस फूलने लगती है, हर समय कमजोरी महसूस होती है. अगर हां तो इसका मतलब आपका स्टैमिना कमजोर हो गया है. स्टैमिना मजबूत होने से किसी काम को बिना थके, बिना रुके देर क कर सकते हैं. अगर ऐसा नहीं कर पा रहे हैं तो आप शारीरिक रूप से कमजोर हो रहे हैं. जिसे बढ़ाने की जरूरत है. अगर आप भी स्टैमिना बढ़ाना चाहते हैं तो इसके लिए कहीं जाने की जरूरत नहीं,ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं,सिर्फ कुछ घरेलू उपाय की मदद से इसे बूस्ट कर सकते हैं.

स्टैमिना बढ़ाने के घरेलू उपाय

1. कमजोर स्टैमिना को बढ़ाना चाहते हैं तो रोजाना एक्सरसाइज करना शुरू कर दें. स्ट्रेंथ एक्सरसाइज, टहलना, दौड़ना, स्विमिंग, साइकिल चलाना, डांस करना फायदेमंद होता है.

2. सारा दिन बैठे रहने से स्टैमिना कमजोर हो सकती है, इसलिए खुद को फिजिकली एक्टिव रखें और पुश अप्स, बैलेंस बनाने वाले वर्कआउट करें.

3. नियमित तौर पर योग, मेडिटेशन, योगासन करने से शारीरिक क्षमता बढ़ाने में मदद मिलती है.

4. अश्वगंधा हर्ब के सेवन से स्टैमिना और एनर्जी लेवल बढ़ा सकते हैं. यह कॉग्निटिव फंक्शन को बढ़ाकर तनाव जैसी समस्याओं को भी दूर कर सकता है.

5. शरीर में सोडियम की कमी होने से भी स्टैमिना कमजोर हो जाती है. ऐसे में सही मात्रा में सोडियम लेकर या लिक्विड चीजें लेकर इसे बूस्ट कर सकते हैं.

6. बहुत ज्यादा शराब, सिगरेट पीते हैं तो तुरंत इस आदत को छोड़ दें. ये अंदर ही अंदर शरीर को खोखला बनाकर उसे कमजोर करते हैं. शराब ऊर्जा को कम रते हैं, सिगरेट में हानिकारक निकोटीन, कार्बन मोनो-ऑक्साइड पाए जाते हैं, जो ब्लड वेसल्स को संकुचित कर ब्लड सर्कुलेशन को बाधित करते हैं और शरीर को कमजोर बनाते हैं.

7. हेल्दी डाइट लेकर स्टैमिना को मजबूत बना सकते हैं. खाने में प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन, जिंक, फॉस्फोरस और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्वों से भरपूर फूड्स शामिल करें.

8. नट्स, दालें, फलियां, बीज, सब्जी, फल, दूध, दही, अंडा, मछली, चिकन, सोया और टोफू का रोजाना सेवन करें. इससे स्टैमिना बूस्ट होती है.

9. दिन में पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं. इससे शरीर अंदर से मजबूत होता है और उसकी क्षमता बढ़ती है.

10. रोजाना अपनी बॉडी को प्रॉपर रेस्ट दें. रात में कम से कम 7 से 8 घंटे की नींद लेना न भूलें. इससे एनर्जी अच्छी होती है और शरीर के काम करने की क्षमता बढ़ती है.




## त्वचा को हाइड्रेट रखने में कारगर है यह जूस, रोजाना सेवन करने से होंगे अनेक फायदे

गर्मी के मौसम में त्वचा का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है. खरबूजा खाने में स्वादिष्ट होने के साथ-साथ सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना गया है. यही नहीं इसका जूस त्वचा को हाइड्रेट रखने में मदद करता है और चेहरे की गंदगी को साफ करता है. यह त्वचा के लिए नेचुरल मॉइश्चराइजर का काम करता है. इसमें पानी और विटामिन भरपूर होता है, जो चेहरे को खूबसूरत बनाने में मदद करता है.

**खरबूजे का जूस**-गर्मी के दिनों में अगर आप रोजाना खरबूजे का जूस पीते हैं, तो इसमें मौजूद एंटी इन्फ्लेमेटरी और एंटीबैक्टीरियल गुण त्वचा के चिपचिपे पन को दूर कर पिंपल्स को कम करने में मदद करते हैं. इसके जूस में विटामिन सी भरपूर होता है, जो त्वचा को मुलायम बनाता है. यही नहीं खरबूजे का जूस झुर्रियों को कम करने में भी काफी कारगर माना गया है. इसके अलावा खरबूजा सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद माना गया है. आप इसका रोजाना सेवन कर अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं.

**ऐसे करें सेवन** -खरबूजे का जूस आप घर पर बनाकर पी सकते हैं. इसके अलावा आप किसी स्टोर से खरीद कर उसका उपयोग करें. इसे आप दिन में दो बार पी सकते हैं, ध्यान रहे जूस ताजा होना चाहिए. इसके अलावा आप खरबूजे के जूस को किसी दूसरे जूस में शामिल कर भी पी सकते हैं. गर्मी के दिनों में आप खरबूजे के जूस को अपनी डाइट में शामिल कर अपनी त्वचा के स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं. इसके अलावा कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है. जैसे इसके जूस का अधिक सेवन करने से कुछ लोगों को समस्या हो सकती है. अगर इससे आपको कोई एलर्जी या समस्या होती है, तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें. डायबिटीज पेशेंट इसका सेवन डॉक्टर की सलाह लेकर करें. अगर आप भी चमकदार स्किन पाना चाहते हैं, तो आज से खरबूजे का जूस पीना शुरू कर दें.

# ग्रीन टी गर्मियों में आपके मूड और एनर्जी के लेवल को कैसे बढ़ाती है, इम्यूनिटी होगी स्ट्रांग

ग्रीन टी सबसे कम प्रोसेस्ड चाय में से एक है, इसमें एंटीऑक्सीडेंट और पॉलीफेनोल्स की हाई कंसंट्रेशन होती है जो आपके स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होती है। हाइड्रेशन के अलावा, यह शरीर के तापमान को भी नियंत्रित करता है, मूड को बेहतर बनाता है और ऊर्जा के स्तर को बढ़ाता है।

भारत में, चाय संस्कृति में गहराई से समाई हुई है और हर कोई इसका आनंद उठाता है। जबकि चाय की खपत स्थिर रहती है, गर्मियां आते ही ग्रीन टी की ओर ध्यान देने योग्य बदलाव देखने को मिलता है। यह बदलाव ग्रीन टी से जुड़े स्वास्थ्य लाभों के बारे में बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है, जैसे कि शरीर को ठंडा करने और चयापचय में सुधार करने की इसकी क्षमता। जैसे-जैसे तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है, स्वास्थ्य के प्रति जागरूक व्यक्ति उन विकल्पों की तलाश करते हैं जो न केवल उन्हें तरोताजा करते हैं बल्कि उनके स्वास्थ्य में सकारात्मक योगदान भी देते हैं, जिससे गर्मी के महीनों के दौरान ग्रीन टी एक आकर्षक विकल्प बन जाती है। खासकर चिलचिलाती गर्मी में 99.5त्न पानी की मात्रा के साथ खुद को हाइड्रेटेड रखना जरुरी होता है। ग्रीन टी पानी के बाद दूसरा सबसे ताजा और हाइड्रेटिंग पेय है। ग्रीन टी अपनी कम कैलोरी सामग्री के साथ, इसे गर्म मौसम में उच्च कैलोरी पेय के लिए एक बढ़िया विकल्प बनाती है। हाइड्रेशन के अलावा, यह शरीर के तापमान को भी नियंत्रित करता है, मूड को बेहतर बनाता है और ऊर्जा के स्तर को बढ़ाता है।

**एनर्जी से भरपूर है ग्रीन टी**

कई कारणों से ग्रीन टी तेजी से पसंदीदा पेय बन गई है - कुछ लोग इसमें कैफीन की कम मात्रा के कारण कॉफी के स्थान पर इसे पसंद करते हैं, जबकि अन्य इसके स्वास्थ्य लाभों और वजन घटाने में सहायता करने की क्षमता के कारण इसे पीते हैं। अब जबकि भारत में गर्मी चरम पर है, लोग इसके ताजा स्वाद के लिए ग्रीन टी की ओर आकर्षित होते हैं जो उन्हें हाइड्रेटेड रहने में मदद करता है। ग्रीन टी मूड और ऊर्जा के स्तर को काफी हद तक बढ़ा सकती है, जिससे यह गर्मियों के लिए एक लोकप्रिय पेय बन जाती है। एल-थेनाइन नामक अमीनो एसिड विश्राम को बढ़ावा देने और तनाव को कम करने के लिए पाया गया है।



**इम्यूनिटी मजबूत होती है**

ग्रीन टी में कैफीन की मात्रा कम होने के कारण यह ऊर्जा को हल्का बढ़ावा दे सकती है। ग्रीन टी में कैफीन और एल-थेनाइन का संयोजन फोकस बढ़ाने के लिए एक साथ काम करता है, जिससे गर्मी के लंबे, धूप वाले दिनों में आपकी ऊर्जा के स्तर को बढ़ावा देने में मदद मिलती है। एंटीऑक्सिडेंट से भी भरपूर है जो मुक्त कणों से लड़ता है, जो थकान और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली में योगदान कर सकता है। ग्रीन टी आपके शरीर को सर्वोत्तम तरीके से काम करने में मदद करती है, जिससे आप ऊर्जावान महसूस करते हैं इसके कई जबरदस्त फायदे है। बल्कि यह दिमाग और शरीर के लिए कई लाभ भी प्रदान कर सकती है, जिससे यह ठंडा रहने के लिए एक आदर्श पेय बन जाता है।

ग्रीन टी विशेष है क्योंकि यह उपलब्ध सबसे कम प्रसंस्कृत चायों में से एक है, जिसमें एंटीऑक्सिडेंट और पॉलीफेनोल्स की उच्च सांद्रता होती है जो आपके स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होती है। तो गर्मियों के उज्जवल और अधिक जीवंत अनुभव के लिए धूप को आने दें और ग्रीन टी के स्फूर्तिदायक सार का आनंद लें।

## वेब सीरीज मर्डर इन माहिम का ट्रेलर जारी, आमने-सामने दिखे विजय राज और आशुतोष राणा

बॉलीवुड के दो दिग्गज कलाकार आशुतोष राणा और विजय राज जल्द ही फिजियोलॉजिकल क्राइम थ्रिलर सीरीज मर्डर इन माहिम में मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। आज शुक्रवार को जियो सिनेमा ने सीरीज का ट्रेलर जारी किया गया, जिसे देख दर्शकों का उत्साह बढ़ गया। मर्डर इन माहिम को एक सामाजिक टिप्पणी माना जा रहा है, जो खौफनाक मर्डर मिस्ट्री और मुंबई की गुत्थी को उजागर करती है, जिसमें पीटर के रूप में आशुतोष राणा और जेंडे के किरदार में विजय राज के बीच खोई हुई दोस्ती के मेल-मिलाप को दिखाया गया है। राजनीति- बालाकोट और बियॉन्ड की रिकॉर्ड-तोड़ सफलता के एक हफ्ते के भीतर जियो सिनेमा 10 मई को एक और मूल सीरीज मर्डर इन माहिम लॉन्च करने के लिए तैयार है। लेखक जेरी पिंटो की समीक्षकों द्वारा प्रशंसित पुस्तक से अनुकूलित मनोरंजक सीरीज राज आचार्य द्वारा निर्देशित है और टिपिंग प्वाइंट फिल्म्स और जिग्स पिक्चर्स द्वारा बनाई गई है। इसमें शिवानी रघुवंशी और शिवाजी साटम भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।

## थॉयराइड के मरीजों को जरूर खाना चाहिए धनिया, मिलेंगे ये फायदे

धनिए का इस्तेमाल अमूमन भारतीय घरों में किया ही जाता है। कभी अपने खाने को गार्निश करने के लिए तो कभी स्वाद बढ़ाने के लिए चटनी के रूप में इसका सेवन किया जाता है। हालांकि, धनिया सिर्फ खाने की रंगत या स्वाद ही नहीं बढ़ाता है, बल्कि इसे सेहत के लिए भी उतना ही गुणकारी माना गया है। कई तरह के पोषक तत्वों से युक्त धनिया अलग-अलग तरह की बीमारियों में फायदेमंद है। खासतौर से, अगर किसी व्यक्ति को थॉयराइड की समस्या है तो उसके लिए धनिया बेहद ही फायदेमंद साबित हो सकता है। इससे हार्मोन को रेग्युलेट करने से लेकर अन्य कई लाभ मिल सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि थॉयराइड के मरीजों के लिए धनिया किस तरह फायदेमंद है-

**होते हैं कई पोषक तत्व**

धनिया में कई आवश्यक विटामिन और खनिजों पाए जाते हैं। मसलन, इसमें विटामिन सी, विटामिन के, पोटेशियम और कैल्शियम जैसे पोषक तत्व होते हैं। ये पोषक तत्व आपकी ओवर ऑल हेल्थ को सपोर्ट करते हैं। इससे आपके थॉयराइड फंक्शन को भी रेग्युलेट होने में काफी मदद मिलती है।

**एंटी-इन्फ्लेमेटरी प्रोपर्टीज**

धनिया में कुछ ऐसे कंपाउंडस होते हैं, जिनमें एंटी-इन्फ्लेमेटरी प्रोपर्टीज पाई जाती हैं। इसकी वजह से इसके सेवन से थॉयराइड ग्लैंड में इन्फ्लेमेशन कम होती है। इस तरह कहीं ना कहीं थॉयराइड डिसऑर्डर से जुड़े लक्षणों को कम किया जा सकता है।

**पाए जाते हैं एंटी-ऑक्सीडेंट**

धनिया में कुछ एंटी-ऑक्सीडेंट्स, जैसे फ्लेवोनोइड और बीटा-कैरोटीन आदि भी पाए जाते हैं। ये सेल्स को फ्री रेडिकल्स के कारण होने वाले ऑक्सीडेटिव तनाव से बचाने में मदद करते हैं। जिससे कारण थॉयराइड विकारों के जोखिम को कम करने में काफी मदद मिल सकती है।

**तनाव होता है कम**

धनिया में ऐसे कुछ कंपाउंड्स होते हैं जिनका नर्वस सिस्टम पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। इससे नर्वस सिस्टम शांत होता है। यह ना केवल आपकी बॉडी को अधिक रिलैक्स फील करवाता है, बल्कि इससे थॉयराइड के मरीजों को भी लाभ मिलता है। थॉयराइड हेल्थ के लिए तनाव को मैनेज करना जरूरी है, क्योंकि तनाव थॉयराइड डिसऑर्डर से जुड़े लक्षणों को बढ़ा सकता है।



## शब्द सामर्थ्य -048

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असम्मान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 047 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | | फा | य | दा | | स |
| प | | ल | ला | ट | | य | ती | म |
| ति | ल | क | | क | न | क | | झ |
| | क्ष्म | | | | रे | | | |
| ग | ण | क | | सं | श | य | | सौ |
| ह | | या | च | क | | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | | र | क्ष | क | | न |
| | त्रि | | | | मि | | | |
| शा | य | री | | का | त | र | | गो |

# क्या आप भी बार-बार जिम जाना स्किप करते हैं? आज ही फॉलो करें ये टिप्स

अक्सर हम सभी जिम जाने के लिए मेंबरशिप तो ले लेते हैं और दो दिन जिम जाते भी है। लेकिन, तब जिम स्किप होने लगता है। जिस वजह से आप परेशान भी होते है कैसे फिट रहे और रेगुलर जिम जाएं। अगर आपके साथ ऐसा हो रहा है तो आप कुछ छोटे-छोटे टिप्स अपनाएं।

फिट रहने के लिए हम सभी जिम जाने के लिए मेंबरशिप तो ले लेते हैं लेकिन जाने का समय बिल्कुल टाइम नहीं होता। स्वस्थ रहने के लिए व्यक्ति को खान-पान के साथ-साथ वर्कआउट भी करना चाहिए। कई बार होता है कि लोग फिजिकली फिट रहने के लिए जिम ज्वाइन कर तो लेते हैं, लेकिन शुरुआत में काफी उत्साह होता है और वे जोश में जिम जाते भी हैं। लेकिन कुछ दिनों के बाद वे जिम स्किप करना शुरु कर देते हैं और ऐसा बार-बार होने लगता है।

रोजाना यही होता है कि कल से जिम रेग्युलर जाएंगे, लेकिन ऐसा हो नहीं पाता। लेकिन ऐसा करने से फिटनेस गोल्स को पूरा कर पाना संभव नहीं हो पाता है। अगर आप भी ऐसा करते हैं, तो इस लेख में हम आपको ऐसे कुछ तरीके बताने जा रहे हैं, जिन्हें आप फॉलो कर सकते हैं।



**बनाएं जिम पार्टनर**

अगर आप भी जिम बार-बार स्किप करते हैं तो अपनी इस आदत को रोकने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप किसी को अपना जिम पार्टनर बना सकते हैं। अगर आपका जिम जाने मन नहीं करता तो आपका दोस्त ऐसा करने रोक सकता है। वहीं आप छुट्टी लेंगे तो वह आपको कॉल करके भी बुला लेगा। इससे आपकी आदत बदल जाएगी।

**टाइम चेंज कर सकते हैं**

ज्यादातर लोगों का जिम ना जाने का यही बहाना होता है कि उनके पास टाइम नहीं होता है। लेकिन आप ऑफिस लौटकर जिम जाने का प्लान करते हैं तो यह संभव है कि आप बहुत थक गए हों और जिम स्किप कर दिया। ऐसे में जरुरत है कि आप अपना जिन जाने का समय बदलें। अगर आपकी नौकरी दस से छह की है तो आप 5 बजे जिम जाने का नियम बनाएं। जब आप सही तरह से शेड्यूल बनाएंगे तो जिम जाना स्किप नहीं होगा।

**पर्सनल ट्रेनर को करें हायर**

अगर आप वर्कआउट के लिए मोटिवेट नहीं हो पाते हैं या फिर बार-बार जिम स्किप करते हैं तो ऐसे में पर्सनल ट्रेनर को हायर करना अच्छा आइडिया है। पर्सनल ट्रेनर आपको सिर्फ सही तरह से वर्कआउट करने में ही मदद नहीं करता है, बल्कि वह आपको लगातार मोटिवेट भी करता है, जिसे आप कभी जिम स्किप नहीं करेंगे।

**इंटेसिटी का रखे ध्यान**

बेहतर परिणाम के लिए कई लोग शुरु ही में इंटेंस वर्कआउट करते हैं। हालांकि, ऐसा करने से उन्हें चोट लग सकती है या फिर बहुत अधिक बॉडी पेन होता है और वे जिम स्किप कर देते हैं। याद रखें कि आप हैवी वर्कआउट करने से बचें। अपने शरीर की सुनें और उसके अनुसार ही वर्कआउट करें।

# अंतिम आम सभा के दौरान बैकुंठपुर में जमकर गरजे:प्रदीप गुप्ता



कोरिया बैकुंठपुर। कोरबा लोकसभा की प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत के पक्ष में लगातार नेतागण और कार्यकर्ता प्रचार कर रहे है,कोरिया जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता बैकुंठपुर के आम सभा में जमकर गरजे,उन्होंने ने कहा खंडगवा बैकुंठपुर में भारतीय जनता पार्टी के नेता आए हुए थे,उन्होंने आम जनता के ऊपर जुल्म ढाये,लोगों के ऊपर लाठीचार्ज करवाएं जनता उन्हें कभी भी माफ नहीं करेगी,जब मामला शांत नहीं हुआ तो उनके मंत्री जनता के बीच जाकर उन्हें समझने लगे,

प्रदीप गुप्ता ने कहा कि एक तरफ कुशासन की सरकार है और एक तरफ जनता जनार्दन की हितैषी सरकार है, आपको तय करना है कि आप किसकी सरकार को चुनेंगे,सरोज पांडे पर निशाना साधते हुए प्रदीप गुप्ता ने कहा जब दुर्ग में सरोज पांडेय सांसद थी तो उन्होंने एक साहू समाज के व्यक्ति को थप्पड़ मार था,उसके बाद दुर्ग के लोगों ने उन्हें वहां से भगा दिया गया, दुर्गा से भाग कर अब कोरबा आ चुकी है अब उन्हें कोरबा से भगाने का समय आ चुका है, पंजे के बटन को दबाकर हाथ को मजबूती प्रदान करें।प्रदीप गुप्ता ने आगे कहा कि राहुल गांधी ने पूरे देश भर में न्याय यात्रा निकालकर मेनिफेस्टो तैयार किया है इस मेन्यूफेस्टो मे किसान,मजदूर, महिला,युवा बेरोजगार सभी के लिए कुछ ना कुछ वादे किया गया है, प्रदीप गुप्ता ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 400 पार का नारा दे रहे है इसका मतलब क्या है यह संविधान को बदलना चाहते है, साथ ही साथ आरक्षण को भी खत्म करने की तैयारी में है। मोदी की सरकार बनने पर आरक्षण खत्म होने का डर बना हुआ है,अगर आप भारतीय जनता पार्टी को वोट देते हो तो अगली बार के चुनाव में हो सकता है कि आपको वोट देने का अधिकार भी ना मिले, इस तानाशाही सरकार को बदलना जरूरी है, कार्यक्रम के दौरानजिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता,पूर्व विधायक अंबिका सिंह,पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला,ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह,, लक्ष्मी सिंह सरपंच, रियाजुद्दीन,दीपक गुप्ता,बिहारी लाल राजवाड़े,वेदांत तिवारी,चंद्र प्रकाश राजवाड़े,अनिल जयसवाल, ईश्वर सिंह, नजीर अजहर,बिहारी लाल राजवाड़े, वाहिद खान,संगीता राजवाड़े, तिवारी मैडम,सौरभ गुप्ता, शहित कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित है।

# देश के विकास में बने भागीदार




कोरिया बैकुंठपुर /कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने जिले के दो लाख से अधिक मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए 7 मई को प्रातः 07 बजे से मतदान शुरू होगा उन्होंने मजबूत लोकतंत्र के लिए जिले के सभी मतदाताओं से निर्भीक व निष्पक्ष होकर मतदान करने आग्रह की है।

लंगेह ने कहा कि जिले के ग्रामीणों, किसानों, बुजुर्गों, श्रमिकों, युवाओं, महिलाओं, साहित्यकारों, पत्रकारों, कलाकारों, खिलाड़ियों, समाज सेवको, समाज प्रमुखों, डॉक्टरों, इंजीनियरों, वकीलों, दुकानदारों, व्यापारियों, उद्योपतियों, भारत सरकार के उपक्रमों, निजी व शासकीय, अशासकीय संस्थाओं में कार्यरत कर्मियों व सभी वर्गों के मतदाता भाइयों, बहनों, आप सबको विदित है कि मंगलवार 7 मई 2024 को तृतीय चरण के लोकसभा निर्वाचन के तहत सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होंगे।

लंगेह ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि भरतीय लोकतंत्र की महत्वपूर्ण 'महादान-मतदान' में स्वयं भाग लें व अपने रिश्तेदारों, पड़ोसियों व परिचितों को मतदान केंद्र लेकर पहुंचे और उन्हें लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण पर्व का हिस्सेदार बनाएं। देश के विकास के लिए लोकतांत्रिक व्यवस्था प्रणाली बेहद कारगर है। श्री लंगेह ने नए व युवा मतदाताओं से अपील की है कि अपनी मताधिकार का उपयोग जरूर करें और एक जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें। इसलिए सबकी जिम्मेदारी और कर्तव्य है कि मतदान तिथि को नियत समय पर पहुंच कर अपना बहुमूल्य समय निकालकर मतदान अवश्य करें।

उन्होंने कहा कि जिले के सभी मतदान केंद्रों में भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए मतदाताओं के लिए छाँव, पंखा, ठंडा पानी, रैम्प, विश्राम कक्ष व सुरक्षा आदि की व्यवस्था की गई है। श्री लंगेह ने कहा कि मतदान केन्द्रों में पहुंचने वाले बुजुर्गों, बीमार, दिव्यांगों, गर्भवती मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। साथ ही मानवीय आधार पर उन्हें मतदान करने में प्राथमिकता भी दी जाएगी। मतदान अधिकारियों, कर्मचारियों व सुरक्षा कार्यों में लगे जवानों से कहा है कि मतदान दिवस के दिन बहुत सावधानी व निष्पक्षता के साथ कार्य सम्पन्न करे, वहीं आम मतदाताओं से शालीनता के साथ सहयोगी पूर्वक व्यवहार करें।

लंगेह ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि यह जिला जितनी प्राकृतिक खूबसूरती के लिए जाना जाता है, उतना ही सहयोगी, सेवाभावी कार्य के लिए पहचान मिली है। जिले के सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग, जिला व पुलिस प्रशासन को सहयोग करते हुए निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त व स्वतंत्र निर्वाचन में सहयोग करें, स्वस्थ, मजबूत लोकतंत्र के साक्षी बने और जिले में शत-प्रतिशत मतदान के हिस्सेदार बने।

## कोरिया में मतदान कर्मियों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था पूरी: लंगेह



कोरिया बैकुंठपुर । लोकसभा निर्वाचन में मतदान सामग्री वितरण की आवश्यक तैयारी का जायजा लेने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने रामानुज मिनी स्टेडियम का भ्रमण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी और अपर कलेक्टर अरुण मरकाम उपस्थित रहे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री लंगेह ने मतदान दलों के आगमन, उनके सामग्रियों के व उनके सामग्री मिलान आदि के लिए बनाए गए काउन्टर पर जाकर तैयारी का जायजा लिया और सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। मतदान केंद्रों में मतदान दलों को रवाना करने के लिए वाहनों का अधिग्रहण कर सारे वाहन मिनी स्टेडियम में खड़े कर लिए गए हैं। कलेक्टर श्री लंगेह ने मतदान दलों में नियोजित अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए पर्याप्त छाया और पेयजल तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को अद्यतन रखने के लिए भी निर्देश दिए। उन्होंने मतदान कर्मियों के वोट करने के लिए बनाए गए काउंटर का भी अवलोकन किया और निर्धारित प्रपत्र आदि की जानकारी ली। उनके भ्रमण के दौरान सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती अंकिता सोम, तहसीलदार बैकुंठपुर श्रीमती अमृता सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मतदान दिवस पुलिस सुरक्षा व्यवस्था और तैयारियों को लेकर केंद्रीय रिजर्व बल एवं जिला पुलिस के प्रभारी अधिकारियों की समीक्षा बैठक

## शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए कोरिया पुलिस है तैयार



कोरिया बैकुंठपुर। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान होना है। जिस हेतु छत्तीसगढ़ के बैकुंठपुर और सोनहत क्षेत्र में होने वाले मतदान को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर कोरिया पुलिस प्रतिबद्ध है। यही वजह है, कि जिला पुलिस बल एवं केंद्रीय रिज़र्व बलों के द्वारा निरंतर एरिया डॉमिनेशन, बूथ भ्रमण, नाका/चेक पोस्ट और अनेक स्थानों पर स्थ्क्क की कार्यवाही निरंतर की जा रही है।

मतदान दिवस के एक दिवस पूर्व मतदान दलों के साथ पुलिस सुरक्षा व्यवस्था हेतु बल प्रदाय किया जाता है। जो मतदान दल के साथ ड्यूटी करते है और मतदान केंद्र पर ड्यूटी के दौरान शांति और सुरक्षा बनाये रखते हुए मतपेटी जमा होने तक उनके साथ रहते है।

पुलिस अधीक्षक कोरिया सूरज सिंह परिहार के अध्यक्षता में पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को ब्रीफ करने हेतु रक्षित केंद्र के कॉन्फ्रेंस हॉल में जिले के सभी पुलिस राजपत्रित अधिकारी, प्रभारीगण एवं केंद्रीय रिज़र्व बलों के प्रभारी अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।

कोरिया पुलिस द्वारा तैयार किये गए सिक्योरिटी मैनेजमेंट प्लान और डिप्लॉयमेंट चार्ट को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरिया श्रीमती मोनिका ठाकुर ने ब्रीफ करते हुए बताया कि जिले के कुल 306 मतदान केन्द्रो की सुरक्षा व्यवस्था हेतु आवश्यक पुलिस बल, केंद्रीय रिज़र्व बलों एवं एसपीओ को तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त कुल 17 पेट्रोलिंग पार्टी बनाई गई है, जिन्हे बूथ के अनुसार विभाजित कर निरंतर पेट्रोलिंग करके सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

इसी तरह जिले में 05 नाका/चेक पोस्ट, 07 स्स्ज्ञ पॉइंट एवं 06 स्नस्ज्ञ में भी बल तैनात किया गया है। जो पूर्व से ही लगे हुए हैं। मतदान के दिन कुल 38 सेक्टर ऑफिसर के साथ भी पुलिस अधिकारी/कर्मचारी को तैनात किया गया है, जो सेक्टर के अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्रो में मतदान दलों के सकुशल पहुंचने एवं वापसी होने तक तैनात रहेंगे।

इसके अतिरिक्त कोरिया पुलिस द्वारा हर थाना चौकी क्षेत्र में क्विक रिएक्शन टीम त्तक्र्ज्ञ भी तैनात की गई है जो किसी भी सूचना पर त्वरित सहायता के लिए पहुंचेंगी। इस तरह लोकसभा चुनाव को निर्बाध तरीके से कराने को लेकर कोरिया पुलिस पूरी तरह से सजग है। इसके अतिरिक्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों के भी स्थान निर्धारित करते हुए उन्हें पेट्रोलिंग करने हेतु भी निर्देशित किया गया है और अधिकारियों को भी रिजर्व बल उपलब्ध कराए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक द्वारा पूर्व प्रसारित निर्देशों के अनुरूप तैयारियों का जायजा लेने पर दूर संचार प्रभारी ने बताया कि जिला कोरिया क्षेत्र में ऐसे कई मतदान केंद्र है, जहां पर बिलकुल भी संचार व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। उन सभी स्थानों का सर्वे और निरीक्षण कर उन स्थानों पर प्रभावी संचार व्यवस्था स्थापित करने हेतु कुल 38 वायरलेस सेट स्थापित किया जा रहा है। वायरलेस सेट को चलाने हेतु आवश्यकतानुसार बल प्रदाय किया गया है। जिससे मतदान के दिन संचार व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित किया जा सके। सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस पेट्रोलिंग, महिला पेट्रोलिंग, त्तक्र्ज्ञ इत्यादि के लिए कुल वाहनो की व्यवस्था किये जाने हेतु वाहन शाखा प्रभारी द्वारा तैयारी पूरी होना बताया गया है। इसी तरह रक्षित निरीक्षक द्वारा सभी बलों की सकुशल आमद, खैरियत और प्रॉपर ड्यूटी लेते रहने के बारे में संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।उक्त बैठक में समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारीगण, बाहर से ड्यूटी करने आये केंद्रीय रिज़र्व बल के अधिकारीगण , समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी, रक्षित निरीक्षक, यातायात प्रभारी, कंट्रोल रूम प्रभारी समेत जिले के सभी मुख्य पुलिस प्रभारीगण उपस्थित रहे।

# भयमुक्त और शांतिपूर्ण मतदान के लिए कोरिया तैयार




कोरिया बैकुंठपुर / कोरबा लोकसभा संसदीय सीट में तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होना है। कोरिया जिले के बैकुंठपुर व सोनहत (आंशिक) विकासखंड के सभी मतदान केंद्रों में प्रशासन ने चुनाव को लेकर सभी तैयारियां कर ली हैं।

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने मतदान दलों की रवानगी के पूर्व स्ट्रांग परिसर का मुआयना किया। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को 6 मई को नियत समय पर पहुंचने के निर्देश दिए। इस अवसर जिला पंचायत के सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम, सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती अंकिता सोम व सम्बंधित नोडल अधिकारी मौजूद थे।

कोरबा लोकसभा सीट में कोरबा, कोरिया, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, व मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के 8 विधानसभा क्षेत्र के 16 लाख से अधिक मतदाता भाग लेंगे। कोरिया जिले के बैकुंठपुर एवं सोनहत (आंशिक) विकासखण्ड के मतदान केन्द्रों के लिए 6 मई को मतदान अधिकारी, मतदान सामग्री के साथ 2 लाख से अधिक मतदाताओं को मतदान कराने के लिए रवाना होंगे। मंगलवार 7 मई को सुबह सात बजे मतदान शुरू हो जाएगा, जो शाम छह बजे तक जारी रहेगा। कोरबा लोकसभा क्षेत्र में 16 लाख से अधिक मतदाता हैं, जबकि कोरिया जिले में 2 लाख 7 हजार 292 मतदाता हैं। महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 3 हजार 941 है, जबकि पुरुष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 3 हजार 344 और तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या 7 है।बैकुंठपुर 278 व सोनहत (आंशिक) 28 मतदान केंद्र हैं। बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र में 5 मॉडल पोलिंग स्टेशन बनाया गया है। 10 संगवारी महिला मतदान केंद्र भी तैयार की गई है। यहां पूरा स्टाफ महिलाओं का होगा। इसी तरह 5 युवा व एक दिव्यांग मतदान केन्द्र भी बनाया गया है। यहां मतदान केंद्र तक जाने के लिए रैंप व वील चेयर जैसी सुविधाएं होंगी।मतदाताओं की सुविधा के लिए हर प्रबंध किए गए हैं। जिनके वोटर लिस्ट में नाम है और उन्हें मतदाता पत्र नहीं मिला है, वे कोई भी पहचान पत्र लेकर मतदान केंद्र पहुंचने पर मतदान कर सकते हैं। मतदान केंद्रों में छांव, पानी, शौचालय, कूलर-पंखे व विश्राम कक्ष आदि की व्यवस्था की गई है।बैकुंठपुर विकासखंड में 150 तथा सोनहत (आंशिक) में 3 मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। सीसीटीवी सहित सभी प्रकार की तकनीकी व्यवस्था की गई है। केंद्रीय व राज्य सुरक्षा बल, जिला पुलिस बल के सुरक्षाकर्मियों द्वारा स्वतंत्र, शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान कराने के लिए मोर्चा संभालेंगे।

# लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस एलर्ट चेकपोस्ट पर कर रही सघन चेकिंग



सूरजपुर। लोकसभा चुनाव को लेकर सूरजपुर पुलिस एलर्ट, चेकपोस्ट पर पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स के द्वारा की जा रही सघनता से चेकिंग, जिले के सभी शराब की दुकानें की गई सील, होटल-लॉज की बारीकी से चेकिंग जारी। उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सूरजपुर पुलिस पूरी तरह से एलर्ट है और पुलिस के अधिकारी, जवान सहित पैरामिलिट्री फोर्स अन्तर्राज्यीय बार्डर चेक पोस्ट सहित सीमावर्ती सरहदी क्षेत्रों के सभी अंतरजिला चेक पोस्ट में पूरी सतर्कता के साथ बारीकी से चेकिंग कर रही है। जिले के सभी शराब की दुकाने निर्धारित समय पर सील करा दी गई है।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना-चौकी क्षेत्र में पुलिस होटल, लॉज, बस व रेलवे स्टेशन सहित अन्य भीड़-भाड़ वाले संवेदनशील ईलाकों में चेकिंग अभियान में लगी हुई है और संदिग्धों पर कड़ी निगाह रखी जा रही है। सभी बैरियरों में आने-जाने वाले वाहनों की सघनता के साथ चेकिंग की जा रही है और इन चेक पोस्ट पर गुजरने वाले वाहनों की पूरी तरह चेकिंग करने के उपरांत वाहनों का नंबर, वाहन चालक का नाम एवं पहचान दर्ज की जा रही है।

# भाजपा प्रत्याशी का कोई जनाधार नही:जयसिंह

एमसीबी। कोरबा लोकसभा से भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी सरोज पाण्डेय का अपना कोई जनाधार नही है। वो केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ रहीं है। छत्तीसगढ़ में भाजपा प्रत्याशी आपसे अपने नेता नरेंद्र मोदी के लिए वोट करने के लिए कह रहे हैं। ऐसा पिछले 10 वर्षों से हो रहा है. ऐसा क्यों क्या भाजपा की उम्मीदवार सरोज पांडेय कोरबा लोकसभा से भी अपने लिए वोट मांगने से कतरा रही हैं क्या उन्हें डर है कि अगर वे ऐसा करेंगी तो उन्हें कोई वोट नहीं मिलेगा उक्ताशय का बयान जारी करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयसिंह अग्रवाल ने कहा की इसका केवल एक ही मतलब हो सकता है। इसका मतलब यह है कि भाजपा उम्मीदवार सरोज पाण्डेय के पास स्वयं के खाते में कोई उपलब्धि नहीं है। वे अपनी योग्यता के आधार पर चुनाव लड़ने के लायक नहीं हैं। उनके पास अपनी व्यक्तिगत उपलब्धियों के संदर्भ में दिखाने के लिए कुछ भी नहीं है। इसलिए वे यह रणनीति अपना रही हैं. अग्रवाल ने आगे कहा की हम उनके दावों को स्वीकार करके चुप नहीं बैठ सकते। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि संसद में हमारा स्थानीय प्रतिनिधि भी हमारे कल्याण के लिए काम करे। हमें आश्वस्त होना चाहिए कि वह हमारे जिले और क्षेत्र का विकास करेंगे। इसलिए हमारा वोट उम्मीदवार को जाना चाहिए, न कि पार्टी पदानुक्रम से ऊपर के किसी अन्य नेता को।

उन्होंने कांग्रेस की स्थानीय प्रत्याशी और पूर्व सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत के लिए वोट करने की अपील की है और मतदाताओं को आश्वासन दिया कि वह हर समय उनके साथ खड़े रहेंगी।

ने इस संबंध में अपने विचार रखते हुए कहा की हमें एक ऐसे सांसद की जरूरत है जो लोगों और क्षेत्र के लिए काम करे। हमें एक ऐसे प्रतिनिधि की ज़रूरत है जो संसद में लोगों के हक की बात करें। जो क्षेत्र के विकास के लिये हमेशा तत्पर रहे। हमें उन प्रतिनिधियों का समर्थन नहीं करना चाहिए जिनमे संसद में क्षेत्र के बारे में आवाज उठाने की हिम्मत ना हो।

## घर छोड़ने के बहाने कार से अगवा कर ले गए; 4 आरोपियों में बहनोई भी

अंबिकापुर। छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में एक शादीशुदा महिला का कार सवार 4 युवकों ने अपहरण कर लिया। उसे अजिरमा के बाद गोवा ले गए, जहां उसके साथ मारपीट कर एक हफ्ते तक गैंगरेप किया गया। इसके बाद उसकी बहन के पास छोड़कर भाग गए। वारदात में महिला का बहनोई भी शामिल था। पूरा मामला गांधी नगर थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, 24 वर्षीय महिला ने 4 मई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि, वो अंबिकापुर के हॉस्टल में रहती है। 15 जनवरी को छात्रावास से बहन के घर जा रही थी, तभी रास्ते में उसे आरोपी शुभम, अंशु ने मोबाइल पर फोन किया। घर छोड़ने का झांसा देकर कार में बैठा लिया,

पीड़िता ने बताया कि जिन युवकों के साथ वो बैठी थी, उनमें से शुभम और अंशु उर्फ अनुराग उसके रिश्तेदार हैं, जिससे युवती को कोई दिक्कत महसूस नहीं हुई। कार में 2 अन्य युवक पुष्पराज और संजय भी सवार थे। युवती को सबसे पहले अजिरमा ले गए। जहां जान से मारने की धमकी देकर गैंगरेप किया।घटना के बाद युवती सहमी हुई थी। उसने घटना की जानकारी किसी को नहीं दी।

# आनलाइन सट्टा खिलाते दो आरोपित गिरफ्तार



बैकुंठपुर। पुलिस अधीक्षक कोरिया द्वारा जिले में संचालित अवैध कारोबार पर अंकुश लगाकर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में मुखबिर की सूचना पर साइबर सेल बैकुंठपुर की टीम द्वारा थाना सोनहत क्षेत्र अंतर्गत कटगोड़ी मुख्य बाजार के पास अवैध रूप से सटोरियों को आईपीएल में आनलाइन सट्टा खेलते हुए कोरिया पुलिस ने पकड़ा है। चार मई को साइबर सेल में मुखबिर से सूचना मिली कि कटगोड़ी के मुख्य बाजार के पास दो लोग सार्वजनिक स्थान पर अपने मोबाईल पर आनलाइन सट्टा खेल रहें है जिसकी सूचना पर तत्काल रेड कार्रवाई की गई।

अलग प्रकरणो में दो सटोरियों रूद्र प्रसाद साहू उम्र 35 वर्ष निवासी कटगोड़ी, एवं विनोद मोदी उम्र 44 वर्ष निवासी कटगोड़ी, द्वारा आनलाइनआईपीएल में पैसा लगाकर हार-जीत का दांव सट्टा खेला जा रहा था। कोरिया पुलिस द्वारा घेराबंदी कर कुल दो सटोरियों के पास से दो नग मोबाईल 30 हजार एवं सात हजार रुपये एवं स्क्रीनशाट की छायाप्रति जब्त कर दोनों आरोपितों के विरुद्ध जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत थाना सोनहत में अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया है।

हल्दीबाड़ी चिरमिरी- चिरमिरी के हृदयस्थल हल्दीबाड़ी में स्थित काला हीरा बाजार के शेड एवम बाउंड्री का लोहा कबाड़ चोरों द्वारा पार कर देने से हड़कंप मचा हुआ है । स्थानीय नागरिकों ने चिरमिरी पुलिस के साथ ही एमसीबी के एसपी को संयुक्त हस्तक्षरित ज्ञापन देकर कबाड़ चोरों को जल्द गिरफ्तार करने एवं काला हीरा बाजार को पुनः स्थापित करने की मांग की है ।

लगभग दो दशक पहले चिरमिरी के तत्कालीन सीएसपी संजय ध्रुव ने हल्दीबाड़ी के मुख्य सड़क पर लगने वाले सब्जी बाजार से लोगो के आवागमन में हो रही दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए हल्दीबाड़ी के टाकीज रोड में सब्जी बाजार को विस्थापित करने के लिए काला हीरा बाजार के शेड व बाउंड्री का निर्माण कराया था । जिसमे कई वर्षो तक सब्जी बाजार लगता रहा । लेकिन सीएसपी संजय ध्रुव के चिरमिरी से बाहर स्थानांतरण होते ही सब्जी बाजार फिर से मुख्य मार्ग में लगने लगा । कुछ महीनो पूर्व यहां स्टेट बैंक आफ इंडिया की चिरमिरी शाखा का कार्यालय खुलने से बैंक में आने वाले लोग इसी शेड के नीचे अपने वाहनों को खड़ा करने लगे । जिससे उन्हें काफी सुविधा होती थी ।लेकिन कबाड़ चोरों की नजर इस पर भी पड़ गई और उन्होंने रात में इस शेड एवम इसके बाउंड्री वाल में लगे लोहे को पार कर दिया, जिससे लोगो में भारी आक्रोश है । चिरमिरी पुलिस पिछले कई सालों से यह दावा कर रही है कि चिरमिरी में कबाड़ का व्यवसाय पूरी तरह से बंद है । ऐसे में लोहे की इतनी बड़ी चोरी चिरमिरी पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा कर रही है । स्थानीय नागरिकों ने चिरमिरी पुलिस के साथ ही एमसीबी एसपी को संयुक्त हस्तक्षरित ज्ञापन देकर कबाड़ चोरों की जल्द गिरफ्तारी के साथ ही काला हीरा बाजार को पुनः स्थापित करने की मांग की है ।

# कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम व चुनाव सामाग्री लेकर बूथ के लिए रवाना किया पोलिंग पार्टियों को

## सर्वाधिक मतदान केंद्र पाली-तानाखार विधानसभा में, जिले में कुल 1047 केंद्र





**कोरबा।** कोरबा क्षेत्र के लिए सांसद चुनने हेतु तीसरे चरण में 7 मई को मतदाता लोकतंत्र के पर्व में अपनी भागीदारी करेंगे। संसदीय क्षेत्र में निर्वाचन विभाग ने 16 लाख से ज्यादा मतदाताओं को रजिस्टर्ड किया है जिन्हें वोट डालने का अधिकार होगा। पोलिंग बूथों के लिए कोरबा समेत 4 जिलों से पोलिंग पार्टियों को आज रवाना करने की कार्यवाही की गई। इससे पहले इन सभी को जरूरी जानकारी दी गई।

कोरबा संसदीय क्षेत्र के लिए मंगलवार को सभी केंद्रों में सुबह 7 बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू होगी। कोरबा जिले के चार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 1047 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। यहां के लिए चुनाव सामग्री सहित पोलिंग पार्टियों को सोमवार की सुबह कोरबा और कटघोरा से रवाना किया गया। सभी वाहन में पर्याप्त सुरक्षा बल दिया गया है। पोलिंग बूथ में भी सुरक्षा की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा कर्मियों सहित 8 हजार से ज्यादा कर्मचारी कोरबा जिले में मतदान संपन्न कराएंगे। कोरबा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत चार जिले की आठ विधानसभा सीट शामिल हैं। कोरबा जिले में चार विधानसभा सीट कोरबा, रामपुर, कटघोरा और पालीताणाखार आती है। इन स्थानों के लिए 1047 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं जहां पर सभी आवश्यक तैयारी पहले ही कर ली गई है। कोरबा विधानसभा में 249, रामपुर में 244, कटघोरा में 244 और पाली तानाखार में 300 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। 5500 से अधिक कर्मचारियों की ड्यूटी इन सभी क्षेत्र के लिए लगाई गई है। कोरबा और रामपुर विधानसभा क्षेत्र के पोलिंग बूथ के लिए पोलिंग पार्टियों को आईटी कॉलेज परिसर से रवाना किया गया जबकि कटघोरा और पाली तानाखार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मतदान केदो से संबंधित टीम को मुकुटधर पांडे कॉलेज परिसर से रवाना किया गया। सुबह से शुरू हुआ यह सिलसिला आज दोपहर बाद तक चलता रहा। पोलिंग पार्टियों के लिए उनके बूथ में भोजन व आवास की व्यवस्था की गई है।

### पूरी तरह सुरक्षित हैं इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन

हर चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक मशीन को लेकर कई प्रकार की बातें होती रही है। ऐसे मामले संवैधानिक पीठ के सामने आए जिसे खारिज कर दिया गया। ईवीएम को लेकर देश के प्रमुख निर्वाचन आयोग राजू कुमार ने वीडियो संदेश में कहा है कि ईवीएम पूरी तरह सुरक्षित है और वायरत रहित है। इसे हैक करने की कोई गुंजाइश नहीं है।

# हाथी प्रभावित गांवों में सक्रिय रहेगा वन अमला



**कोरबा।** जिले के वनमंडल कोरबा अंतर्गत कुदमुरा व कोरबा रेंज तथा कटघोरा के एतमानगर व केंदई वन परिक्षेत्र में हाथियों की बड़ी संख्या में मौजूदगी बनी हुई है। क्षेत्र में मौजूद इन हाथियों की वजह से मतदाताओं को मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसलिए वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी हाथी प्रभावित क्षेत्र में सक्रिय रहेंगे।

हाथियों के दिखने की सूचना मिलने पर विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचकर उसकी निगरानी करने के साथ-साथ मतदान स्थल पर मतदाताओं को सुरक्षित ढंग से पहुंचाने तथा वापसी के लिए मदद करेंगे। इसके लिए वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की विशेष रूप से ड्यूटी लगाई गई है।

जानकारी के अनुसार कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज अंतर्गत कलमीटिकरा परिसर में 36 हाथी घूम रहे हैं जो लबेद क्षेत्र से आज तड़के पहुंचे हैं। हाथियों कइ दल ने कलमीटिकरा पहुंचने से पहले रास्ते में कई ग्रामीणों की धान की रबी फसल को नुकसान पहुंचाया है जिसका आंकलन वन विभाग द्वारा किया जा रहा है, जहां 36 हाथी कलमीटिकरा क्षेत्र में विचरणरत हैं वहीं 23 हाथियों का दल गेरांव व कमरन से आगे बढ़कर दरगा होते हुए कोरकोमा जंगल के कक्ष क्रमांक 1004 में पहुंच गया है। हाथियों के इस दल ने कमरन में आधा दर्जन ग्रामीणों की धान की फसल को रौंद दिया है।

उधर कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज के कापा नवापारा में 13 हाथी घूम रहे हैं जबकि 36 हाथियों का दल एतमानगर रेंज के मड़ई व पचरा में सक्रिय है जिनकी निगरानी वन अमले द्वारा लगातार की जा रही है।

# एनटीपीसी कर्मियों को मिलेगी कैशलेस उपचार की सुविधा

**कोरबा।** अपने कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य सेवा सहायता को बढ़ावा देने की एक ऐतिहासिक पहल में, एनटीपीसी ने अपने कर्मचारियों के लिए व्यापक कैशलेस उपचार सेवाएँ प्रदान करने के लिए एनकेएच अस्पताल कोरबा के साथ साझेदारी की है। इस सहयोग का उद्देश्य कई विभागों में निर्बाध स्वास्थ्य सेवा पहुँच प्रदान करना है, जिससे कर्मचारियों को बहुत ज़रूरी राहत मिल सके।

इस साझेदारी के तहत, एनटीपीसी के कर्मचारी अब एनकेएच अस्पताल में ऑर्थोपेडिक्स, गायनोकोलॉजी, पीडियाट्रिक्स, इंटरनल मेडिसिन, जनरल सर्जरी, न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, डर्मेटोलॉजी और साइकियाट्री जैसी विशेषताओं को कवर करते हुए कैशलेस उपचार सुविधाओं की एक विस्तृत श्रृंखला का लाभ उठा सकते हैं। यह रणनीतिक कदम यह सुनिश्चित करता है कि कर्मचारियों को ऐसी व्यापक स्वास्थ्य सेवाओं के वित्तीय बोझ के बिना उच्च-गुणवत्ता वाली देखभाल मिले।

इसके अलावा, एनकेएच अस्पताल ने सक्रिय स्वास्थ्य सेवा सलाह और उपचार प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गए नि:शुल्क स्पेशलिटी क्लीनिक की पेशकश करके एनटीपीसी को अपना समर्थन दिया है। ये क्लीनिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को जल्दी दूर करने में मदद करेंगे, जिससे बेहतर स्वास्थ्य परिणाम और मन की शांति बढ़ेगी। यह नया गठजोड़ एनटीपीसी की कर्मचारी स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, साथ ही एक प्रतिष्ठित स्वास्थ्य सेवा भागीदार से व्यापक, कैशलेस चिकित्सा उपचार का अतिरिक्त आश्वासन भी देता है।

# मतदाताओं को राहत देने चेम्बर ने की व्यवस्था

**कोरबा।** गर्मी में शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को राहत देने के लिए सामाजिक और आर्थिक संगठन अपनी ओर से प्रयास कर रहे हैं। प्रशासन की पहल पर इन लोगों ने अपने सरोकार दिखाए। चेम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष योगेश जैन ने बताया कि संस्था द्वारा 50से अधिक पोलिंग बूथ पर मतदाताओं को छाया देने के लिए टेंट लगाए गए हैं और पानी की व्यवस्था करायी गई है। चेम्बर के सदस्यों ने इस काम में अपनी रूचि ली। चेम्बर के अलावा कुछ और सामाजिक संस्थाओं द्वारा भी शहरी क्षेत्र के अनेक मतदान केन्द्रों में लोगों को गर्मी में राहत देने के लिए इस तरह की व्यवस्था की जा रही है।

### थाना और चौकियों में सीमित कर्मी

**कोरबा।** जिले के पुलिस थानों और चौकियों में अगले तीन दिन सीमित कर्मी नजर आयेंगे। ऐसे में किसी तरह की शिकायत और प्राथमिकी के लिए लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। लोकसभा चुनाव के लिए कोरबा जिले का अधिकांश बल पोलिंग बूथ पर लगा दिया गया।

# कन्वेयर बेल्ट पोल को मारी टक्कर, कोयला आपूर्ति बाधित



**कोरबा।** दर्री मुख्य मार्ग पर एक भारी वाहन की टक्कर से छत्तीसगढ़ इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड के 840 मेगावाट क्षमता वाले हसदेव थर्मल पावर प्लांट की कन्वेयर बेल्ट लाइन का पोल बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। बिजली कंपनी का कामकाज इस वजह से बाधित हुआ और उसे लाखों का नुकसान भी हुआ है। ट्रक चालक की लापरवाही के कारण यह हादसा यहां पर हुआ। वहां की रफ्तार कितनी ज्यादा थी इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है की टक्कर के कारण जहां वाहन के परखच्चे उड़ गए, वहीं पोल की दुर्गति हो गई। जिस स्थान पर यह हादसा हुआ है उसके ठीक ऊपर से बिजली उत्पादन कंपनी के लिए कोयला भेजने वाली कन्वेयर बेल्ट प्रणाली गई हुई है। गनीमत ये रही कि लाइन का स्ट्रक्चर नही गिरा, वरना लेने के देने पड़ जाते। घटनाक्रम के कारण एसईसीएल कुसमुंडा से एचटीपीएस प्रोजेक्ट को की जाने वाली कोयला आपूर्ति पर काफी असर पड़ा है। इस हादसे को लेकर पुलिस के द्वारा वाहन के चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद किया गया है। बिजली कंपनी को जो कुछ नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई के लिए अगली कार्यवाही करने की बात भी कहीं जा रही है।

# जीवन के सभी क्षेत्रों में सम्मान दिलाती है शिक्षा : पूनम

### कोरबा से राजनीति विज्ञान में पीएचडी वाली पहली छात्रा



**कोरबा।** पूनम ज्ञानचंदानी ने कहा है कि शिक्षा एक ऐसा अहम् पहलू है जो व्यक्ति को जीवन के सभी क्षेत्रों में सम्मान दिलाने का माध्यम बनता है। इसलिए अपनी क्षमता को कभी कम न आंकें और इसका भरपूर उपयोग करें। इसके माध्यम से लंबे सफर को आसानी से पार करना संभव हो सकता है।

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय रायपुर से राजनीति विज्ञान में पीएचडी करने वाली पूनम कोरबा की पहली छात्रा बनी है। कोरबा जिले के साथ-साथ सिंधी समाज के लिए इस तरह का संयोग पहली बार बना है। पूनम की उपलब्धि से समाज के साथ जिला गौरान्वित हुआ। राजनीतिक जागरूकता में प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया की भूमिका : छत्तीसगढ़ के विशेष संदर्भ में, पूनम ने अपना शोध कार्य पूरा किया। उनके शोध निदेशक ए.बी.वाजपेयी यूनिवर्सिटी के डॉ. एस.एल.निराला थे। राजनीति विज्ञान में प्रथम पीएचडी अवार्ड हासिल करने से खुश पूनम ने तरूण छत्तीसगढ़ से विशेष चर्चा में दोहराया कि शिक्षा प्राचीनकाल से ही अपना महत्व प्रतिपादित करती रही है। गुरुकुल से शुरू हुई परंपरा ने वर्तमान में अपना स्वरूप जरूर बदला है लेकिन उसके मायने यथावत हैं। अकादमिक शिक्षा के साथ-साथ व्यवहारिक अनुभव भी लोगों के जीवन में काफी महत्व रखता है और यह अलग-अलग पड़ाव में अपने आपको रेखांकित करता है। पत्रकारिता के प्रभाव विषय पर 22 अप्रैल 2024 को पीएचडी की उपाधि हासिल करने वाली पूनम सामान्य परिवार से वास्ता रखती है जिन्होंने कई प्रकार के संघर्ष को सीधे तौर पर फेस किया। लेकिन शिक्षा के मामले में हार नहीं मानी। शुरू से ही प्रतिभाशाली होने के कारण उन्हें सकारात्मक लोगों से न केवल सद्भावनाएं मिली बल्कि अपेक्षित सहयोग प्राप्त हुआ और प्रेरणा भी। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के समन्वय और मेलजोल का ही परिणाम कहना होगा कि उच्च शिक्षा के बाद उन्होंने राजनीति विज्ञान से पत्रकारिता के संदर्भ में शोध कार्य करने की मानसिकता बनाई और उन्होंने इसमें सफलता प्राप्त की। उन्होंने अपनी अब तक की सफलतम यात्रा के लिए अपनी मां ज्योति ज्ञानचंदानी की प्रेरणा को श्रेय दिया। साथ ही गुरुजनों व शुभचिंतकों को नमन किया, जिनके प्रयास से यह सब संभव हुआ।

वे चाहती हैं कि संसाधनों के साथ तो कोई भी आगे बढ़ सकता है लेकिन असली आनंद क अनुभूति तब होती है जब धारा के विपरित चलते हुए आप आगे बढ़ें और उंचाई को प्राप्त करें।

# समर कैंप में बच्चे सीख रहे डांस के स्टेप




**कोरबा।** इंडस पब्लिक स्कूल- दीपका में समर कैंप पर बच्चे डांस एक्टिविटी में बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। एरोबिक्स,कत्थक , वेस्टर्न आदि अनेक विधाओं में नृत्य की कलाएँ बच्चों को सिखाई जा रहीं हैं। नृत्य शिक्षिका श्रीमती रूमकी हलदर ने बताया कि डांस करने से न सिर्फ हमारा शरीर फिट रहता है अपितु हमारा मन भी स्वस्थ एवं तनाव रहित रहता है।समर कैंप में डांस प्रशिक्षण के लिए विशेष रुप से हरिशंकर सारथी एवं रूमकी मैडम लगातार विभिन्न प्रकार के नृत्यों का प्रशिक्षण समर कैंप में आए हुए बच्चों को दे रहे हैं। समर कैंप में अलग-अलग स्कूलों के बच्चों ने इंडस पब्लिक स्कूल- दीपका में अपना पंजीयन कराया है। बच्चे अपनी रुचि के अनुसार अलग-अलग कलाओं का प्रशिक्षण ले रहे हैं लेकिन जब बात करें डांस की तो बच्चों की पहली पसंद की सूची में डांस का नाम अवश्य आता है।विभिन्न एज ग्रुप के बच्चों को अलग-अलग रो-वाइज डिवाइड कर प्रशिक्षकों द्वारा डांस के अलग-अलग विधाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

बच्चों के उम्र एवं रुचि के अनुसार गीतों का चुनाव कर डांस के स्टेप बच्चों को बताया जा रहा है।बच्चे अपनी पसंद के गानों में जी भरकर झूमते हैं। डांस करते समय बच्चे खूब एंजॉय करते हैं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ.संजय गुप्ता ने कहा कि डांस करने के अनेक फायदे भी है, डांस करने से एकाग्रता बढ़ती है और अनिद्रा; डिप्रेशन; हाइपर टेंशन आदि होने की संभावना कम होती जाती है । डांस शरीर में लचीलापन लाता है जिससे ज्वांइट पेन में आराम मिलता है।

# क्या चुनाव बहिष्कार के निर्णय पर अडिग रहेंगे भूविस्थापित?

### एसईसीएल से जुड़े मामले को लेकर है नाराजगी

**कोरबा।** 7 मई को लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने की घोषणा एक बैठक में भूविस्थापितों ने की, जो पाली-पड़निया गांव में आयोजित की गई। दावा किया गया कि 10 गांव के लोग इसमें शामिल हुए। भूविस्थापितों ने सांसद चुनने के लिए मतदान नहीं करने का निर्णय लिया है। उनकी नाराजगी इस बात को लेकर है कि 2008 में भू अर्जन के बाद नौकरी और मुआवजा को लेकर एसईसीएल व प्रशासन ने कोई रूचि नहीं ली।

प्रशासन चाहता है कि कम से कम इस बार कोरबा लोकसभा क्षेत्र में 100 प्रतिशत वोटिंग हो और एक नया रिकॉर्ड स्थापित हो । पिछले 1 महीने से इसके लिए कई प्रकार की कवायद की जा रही है । प्रशासन के अंतर्गत आने वाले सभी विभागों के अधिकारी से लेकर कर्मचारी के अलावा सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक संगठनों की मदद मतदाताओं को जागरूक करने के लिए दी जा रही है। इस काम में धनराशि भी खर्च हो रही है और समय भी जाया हो रहा है। हर तरफ से अच्छे संकेत मिलने के बाद प्रशासन उम्मीद में है कि नतीजे कुछ अच्छे आ सकते हैं लेकिन इसी बीच साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड कुष्मांडा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 10 गांव के भूमि स्थापित होने बैठक की और अपनी समस्या को लेकर गंभीरता से चर्चा की। पाली पड़निया में आयोजित इस बैठक में खदान के कारण प्रभावित हुए जटराज, सोनपुरी, खोडरी, आमगांव, खैरभवना, कनवेरी, रिसदी, दुरपा, के लोगों ने भाग लिया। मुख्य मुद्दा था कई वर्ष पहले इन गांव की जमीन अर्जित करने के बाद संबंधित लोगों को मुआवजा और रोजगार नहीं दिया जाना। बैठक में इस बात को लेकर नाराजगी जताई गई की देश के लिए कोयला की जरूरत बात कर उनकी जमीन नाम मात्र धनु राशि में ले ली गई। उन्हें नौकरी और भूमि विस्थापन का अन्य लाभ नहीं दिया गया। यहां तक की अभी भी कई परिवार ऐसे हैं जिन्हें मुआवजा तक नहीं दिया गया है। वे लंबे समय से न्याय की मांग कर रहे हैं लेकिन उनकी और ना तो एसईसीएल प्रबंधन का ध्यान है और ना ही जिला प्रशासन का। इतना ही नहीं जनता के वोट से नेतागिरी करने वाले लोग भी कुसमुंडा क्षेत्र से संबंधित भूमि स्थापित की समस्या को लेकर कुंभकरण नींद में सोए हुए हैं। इसलिए विस्थापित समुदाय ने अपनी समस्याओं के लिए प्रशासन प्रबंधन और जनप्रतिनिधियों को समान रूप से जिम्मेदार ठहराया और कोरबा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत लोकसभा चुनाव के लिए होने वाली 7 मई को वोटिंग का बहिष्कार करने की घोषणा कर दी। अपनी जमीन से विस्थापित किए गए लोगों का मानना है की चुनाव के समय प्रत्याशी तमाम वादे और दावे करके जाते हैं लेकिन जीतने के बाद वे गांव में आना भी बिल्कुल जरूरी नहीं समझते। इसलिए ग्रामीण जन ने भी सुनिश्चित कर लिया है कि सही समय पर ऐसे लोगों को समक्ष सीखने की सबसे ज्यादा जरूरत है। यहां याद रखना होगा कि कोल इंडिया की सहयोगी कंपनी साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की ओपन कास्ट और अंडरग्राउंड माइन्स कोरबा जिले में संचालित हो रही है। क्षेत्र के अंतर्गत लगभग 20 खदानें अपना काम कर रही हैं और प्रदेश व केंद्र सरकार को हर महीने करोड़ का राजस्व उपलब्ध कराती हैं। यह काम तभी संभव हो रहा है जब इन परियोजनाओं के लिए ग्रामीणों ने अपनी जमीन उपलब्ध कराई हैं । हर बड़ी परियोजना के शुरू होने के दौरान जो प्रक्रिया अपनाई जाती हैं , पर्यावरणी स्वीकृति सबसे अहम होती है। इस अवसर पर लोगों को बताया जाता है कि परियोजना के खुलने से किस प्रकार के फायदे होंगे और लोगों की भूमिका राष्ट्रीय परिपेक्ष में किस तरीके से सुनिश्चित होगी। देश के विकास की तस्वीर जब सामने आती है तो खास तौर पर ग्रामीण क्षेत्र के लोग ऊंची सोच के साथ बहुत बड़ा योगदान देने के लिए तैयार हो जाते हैं लेकिन उन्हें पछतावा तब होता है जब लंबा समय गुजारने के बाद भी उनके सामाजिक और आर्थिक हितों के बारे में चिंता नहीं की जाती। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की परियोजनाओं को लेकर रवैया कुछ इसी प्रकार का चल रहा है और इसके कारण यहां के जन सामान्य को परेशान होना पड़ रहा है। अब जबकि मतदान के लिए कुछ घंटे बाकी रह गए हैं ऐसा में देखना दिलचस्प होगा कि कल पोलिंग बूथ जाएंगे या फिर निर्णय पर अडिग रहेंगे।









स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com